तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 16 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-109 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मो.नैनायर बने ईडी के नए संयुक्त निर्देशक

रायपुर,16 जुलाई। रायपुर में परिवर्तन निर्देशालय ईडी ने बड़ा बदलाव करते हुए मो नैनायर को जोनल ऑफिस में नया संयुक्त निर्देशक नियुक्त किया है । यह निर्णय देश भर में 11 संयुक्त निर्देशकों और 39 उप निर्देशकों के तबादले के तहत लिया गया है । हम आपको बता दें कि ईडी इन दीनों छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला, कोयला लेवी में अवैध वसूली और महादेव सट्टा एप घोटाले की जांच कर रही है।

करेंट से दो गायों की मौत

बीजापुर,16 जुलाई। उसूर ब्लाक के तर्रेम गांव के तुर्रपारा मे बिजली खम्बे मे लगे तार की चपेट में आने से दो गायो को मौत हो गई है दोनों गाय ओयाम बोडडा की बताई गई है विधायक प्रतिनिधि अवलम मनोज ने बताया कि खम्बे मे लगे तार मे करेंट था इसके चपेट मे आने से दोनों गायो की मौत हो गई है मवेशी मालिक ने इस की जानकारी जनपद पंचायत तहसील कार्यालय व पशु विभाग को दे दी है तथा उचित मुआवजा देने की मांग की ही है इस घटना मे बिजली विभाग की लापरवाही प्रतीक हो रही है

बेटे ने की पिता की हत्या

अभनपुर,16 जुलाई। गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम जौंदी में नशेड़ी बेटे ने अपने ही पिता की फावड़ा मारकर हत्या कर दी. इस वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही. वहीं पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात आरोपी 30 वर्षीय इंद्र कुमार साहू उर्फ रिंकू को उसकी मां ने खाना खाने की बात कही. इस पर आरोपी विवाद करने लगा. जब उसके पिता 58 वर्षीय कमलनारायण साहू ने उसे फटकारा तो आरोपी तैश में आ गया और घर में रखे फावड़ा से अपने पिता पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी. इतना ही नहीं बीचबचाव करने आए अपने भाई रेखू साहू पर भी फावड़ा से वार कर उसे घायल कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी,10 घायल

बिलासपुर,16 जुलाई। बिलासपुर सकरी क्षेत्र के दलदलियापारा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलने के बाद 7 मिनट में पहुंची हेल्प लाइन 112 की टीम ने पांच बच्चों सहित दस लोगों को कार से बाहर निकाल कर उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। डायल 112 के आरक्षक व चालक को पुलिस कप्तान ने सराहना करते हुए पुरस्कृत किया।

युवक की हत्या

भिलाई,16 जुलाई। धमधा थाना क्षेत्र ग्राम - मुड़पार में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की टंगिया मारकर निर्मम हत्या कर दी गई हत्या का कारण जमीन विवाद से है सूचना मिलते ही धमधा पुलिस तत्काल एक्शन में आ गई और आरोपी को चंद घंटे में हिरासत में लिया है। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है धमधा टीआई पीडी. चंद्रा ने बताया कि रविवार शाम को ग्राम मुडपार में देवेंद्र साहू (32 वर्ष) और आरोपी सौरभ साहू (29वर्ष) का एक दूसरे से आमना-सामना हो गया दोनों ही के बीच जमीन विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। उस दौरान देवेंद्र ने सौरभ के ऊपर अभद्र टिप्पणी की। इससे क्रोध में आकर सौरभ साहू ने देवेंद्र के ऊपर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। वार इतना घातक था कि देवेंद्र साहू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई तिलेश्वर साहू ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही धमधा पुलिस तत्काल एक्शन में आग और आरोपी को हिरासत में लिया प्रार्थी तिलेश्वर की रिपोर्ट पर आरोपी सौरभ के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर हिरासत में लिया गया।

श्रीनगर डोडा में आतंकियों से मुठभेड़ में सैन्य अफसर समेत 5 जवान शहीद

जैश से जुड़े कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी

श्रीनगर,16 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ सोमवार शाम एनकाउंटर में गंभीर रूप से घायल हुए एक अधिकारी सहित 5 जवानों की मंगलवार तड़के इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. न्यूज एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र में धारी गोटे उरारबागी में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया. थोड़ी देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की. एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर सैनिकों ने चुनौतीपूर्ण इलाके में घने जंगलों के बीच उनका पीछा किया, जिसके बाद रात 9 बजे के आसपास जंगल में एक और मुठभेड़ हुई. अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. मंगलवार सुबह इलाज के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया. शहीद जवानों में सेना का एक अधिकारी और तीन सैनिक व जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक कर्मी शामिल है. 16 आर्मी कोर, जिसे व्हाइट नाइट कोर के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि अतिरिक्त सैनिकों को डोडा में मुठभेड़ क्षेत्र में भेजा गया है. पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने डोडा हमले की जिम्मेदारी ली है. यह संगठन जैश-ए-मोहम्मद का ही ऑफ शूट है जिसने हाल ही में कठुआ में सेना के काफिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी. पिछले कुछ हफ्तों से जम्मू क्षेत्र में कई स्थानों पर हुए आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं. भारतीय सेना ने 14 जुलाई को कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया था.

डोडा में 34 दिन में पांचवां एनकाउंटर

जम्मू डिवीजन के डोडा में यह एक महीने के अंदर आतंकियों के साथ मुठभेड़ की पांचवीं घटना है. इससे पहले 9 जुलाई को भी एक एनकाउंटर हुआ था. पिछले महीने 26 जून को एक आतंकी हमला हुआ था और 11-12 जून को दो हमले हुए थे. इन सभी हमलों के बाद आतंकियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई थी. पिछले महीने 11 जून को आतंकियों ने डोडा के भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग की थी, जिसमें सेना के 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गए थे. इस हमले की जिम्मेदारी भी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली थी. डोडा के कोटा टॉप में 12 जून की रात आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के कॉन्स्टेबल फरीद अहमद जख्मी हो गए थे. उन्हें इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज डोडा में भर्ती कराया गया था. डोडा जिले के गंडोह इलाके में 26 जून की सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था. सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ और सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को ढेर कर दिया था. इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान घायल हुआ था.

पूर्व सीएम के लिए भीड़ जुटाने वाले लोग जेल में:बृजमोहन

रायपुर,16 जुलाई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है की वह अब खाली हो गए हैं। मुख्यमंत्री पद जाने और सांसद चुनाव में हार का सामना करने के बाद अब वह केवल विधायक रह गए हैं। सांसद अग्रवाल ने कहा कि, पूर्व सीएम के लिए भीड़ जुटाने वाले लोग जेल में है। आगे उन्होंने कहा कि, पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा भगवान राम का नाम लेना और दर्शन करना नौटंकी है तो यह कांग्रेस को मुबारक हो। अग्रवाल ने राहुल गांधी पर भी तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वे अपने लिए पत्नी तो ढूंढ नहीं पा रहे हैं और देश को दिशा देने की बात करते हैं। उनकी इतनी पुरानी पार्टी संसद में बघेल खाली हो गए हैं, उनके लिए भीड़ लाने वाले लोग जेल में में हैं । बता दें कि, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रावास भवन के उद्घाटन में पहुंचे अग्रवाल पत्रकारों से चर्चा के दौरान उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार के राम मंदिर दर्शन के लिए जाने के कार्यक्रम को नौटंकी कहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म का विरोध करती है। मुट्ठी भर लोगों के लिए वह बहुसंख्यकों के

खिलाफ खड़ी है। कानून व्यवस्था बिगड़ने को लेकर कांग्रेस के आरोप पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अग्रवाल ने कहा कि पहले की अपेक्षा अपराध कम हुए हैं। कांग्रेस को अपना कार्यकाल देखना चाहिए।

योगी के परिवार को जान से मारने की धमकी

पौड़ी गढ़वाल,16 जुलाई। उत्तराखंड में कोटद्वार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के छोटे भाई शैलेश बिष्ट को जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी पौड़ी जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता क्रांति कपरवाण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में शैलेश बिष्ट ने बताया कि वह भारतीय सेना में सूबेदार मेजर हैं और वर्तमान में कोटद्वार में तैनात हैं। बीती 16 जून को आरोपित क्रांति कपरवाण ने सोशल मीडिया पर उनके परिवार को लेकर एक पोस्ट डाली। उन्होंने इसका विरोध किया और फोन कर आरोपी से पोस्ट हटाने का आग्रह किया, लेकिन आरोपी ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। करीब 25 दिन बाद आरोपी क्रांति कपरवाण ने उन्हें फोन कर उनसे अभद्रता की और उनके परिवार के लिए अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कांग्रेस नेता क्रांति कपरवाण के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को बयान दर्ज करवाने के लिए कोतवाली तलब किया गया है। शैलेश बिष्ट ने इस मामले में पुलिस कोतवाली कोटद्वार में लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी के भाई शैलेश बिष्ट की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तराखंड के पौड़ी जिले में यमकेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचूर और वर्तमान में कोटद्वार निवासी शैलेश बिष्ट ने इस मामले में बीती 11 जुलाई को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 योजना का शुभारंभ

रायपुर, 16 जुलाई

छत्तीसगढ़ नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार करने के संबंध में आज स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी द्वारा किया गया। संवाद कार्यक्रम की शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे वित्त मंत्री श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस संवाद कार्यक्रम में 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजन' परिचर्चा में भाग ले रहे है और विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संबंध में अपनी परिकल्पनाओं के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। संवाद कार्यक्रम के समापन सत्र दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होकर 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजनों'' से संवाद करेंगे। वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी में कार्यक्रम में आए युवा, कृषक, महिला एवं प्रबुद्ध जनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग है। देश और राज्य को ऊंचाई तक पहुंचाने में आपके विचार प्रभावी योगदान दे सकते हैं। मंत्री चौधरी ने निर्यात आधारित उद्योग, ग्रीन एनर्जी, सोलर एनर्जी, एथेनॉल बेस्ड टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

संवाद कार्यक्रम को मुख्य सचिव एवं उपाध्यक्ष राज्य नीति आयोग श्री अमिताभ जैन सदस्य सचिव श्री अनूप श्रीवास्तव, सदस्य श्री के सुब्रमण्यम द्वारा भी संबोधित किया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस परिकल्पना को साकार करने में राज्य की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार दस्तावेज आगामी राज्य स्थापना दिवस 01 नवम्बर 2024 को विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकाल = छत्तीसगढ़ विजन ञ्च2047' जारी किया जाएगा। वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी विजन डॉक्यूमेंट जनता के समक्ष रखेंगे। राज्य नीति आयोग द्वारा ''अमृतकाल = छत्तीसगढ़ विजन ञ्च2047'' संबंधित विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में सभी विभागों, सेक्टर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श प्रारंभ किया जा चुका है। इसके लिए आठ वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है। लगातार बैठकें आयोजित कर विचार-विमर्श किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की उनकी परिकल्पना साझा करने के लिए आयोग द्वारा वेब-पोर्टल ''मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़'' लिंक https://sdgspc.cg.gov.in/viksitcg/#/home भी तैयार किया गया है। इस अवसर पर योजना विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, संयुक्त संचालक डॉक्टर नीतू गौरडिया विभागीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में राज्य भर से आए युवा, कृषक, महिला एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

पिकअप पलटी, तीन लोगों की मौत, 20 घायल

सारंगढ़-बिलाईगढ़,16 जुलाई। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां बरमकेला जंगल के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है, वहीं तक़रीबन 20 लोग घायल बताए जा रहे है। घायलों को इलाज के लिए बरमकेला अस्पताल में भरती कराया गया है, वहीं जो गंभीर रूप से घायल है उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रेफर किया गया है, बरमकेला पुलिस मौके पर मौजूद है, वहीं आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

भाजपा की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहे हमारे जवानः राहुल

श्रीनगर,16 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के डोडा में ड्यूटी के दौरान चार सैनिकों की मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि भारत के सैनिक और उनके परिवार भाजपा की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं।

इसको लेकर राहुल गांधी ने एक एक्स पोस्ट किया है। अपने पेस्ट में राहुल ने लिखा कि आज जम्मू कश्मीर में फिर से एक आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए।

शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक है।

गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर कोर्ट में 22 जुलाई को पेश करने का आदेश

रायपुर,16 जुलाई। रायपुर में कोयला व्यापारी और सड़क ठेकेदार से लेवी वसूलने की सुपारी लेने वाले झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू को प्रोटेक्शन वारंट में यहां लाकर 22 जुलाई को कोर्ट में पेश करने का आदेश है, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद भी रायपुर पुलिस अमन को यहां लेकर नहीं आ पा रही है। दरअसल, दो बार झारखंड के गढ़वा फिर गिरीडीह जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू को लाने के लिए रायपुर पुलिस गई थी लेकिन जेल प्रबंधन के साथ स्थानीय पुलिस ने यह हवाला देकर कस्टडी में देने से मना कर दिया कि उसके खिलाफ दर्जनों केस यहां चल रहे है। आप चाहे तो वीसी के जरिए पूछताछ कर सकते है। झारखंड पुलिस के इस सलाह के बाद रायपुर पुलिस खाली हाथ लौट आई है। अब सड़क ठेकेदार प्रहलाद राय अग्रवाल के दफ्तर के बाहर हुई फायरिंग की घटना के बाद तीसरी बार रायपुर पुलिस अमन को लाने झारखंड जाने की तैयारी में है। 13 जुलाई को सड़क और कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़े तेलीबांधा रिंग रोड स्थित पीआरए ग्रुप के दफ्तर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद से पुलिस को अमन साहू और मलेशिया में बैठे मयंक सिंह गैंग के दो अज्ञात शूटरों की तलाश है। साथ ही 23 मई को शहर में कोयला व कंस्ट्रक्शन कारोबारियों की हत्या करने के इरादे से पहुंचे इस गैंग के चार शूटरों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में रायपुर पुलिस ने 10 जून को रायपुर कोर्ट से झारखंड के गढ़वा जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर लाने प्रोडक्शन वारंट जारी करवाया। जब पुलिस टीम गढ़वा जेल पहुंची तो पता चला कि उसे गिरिडीह जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। लिहाजा पुलिस वापस लौट आई। पुलिस टीम ने फिर से 28 जून को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाकर गिरिडीह जेल पहुंची तो जेल और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने अमन के खिलाफ अकेले झारखंड में 90 मामले दर्ज होने का हवाला देते हुए कहा कि इसे यहां से ले जाने की वजह से जांच व कोर्ट में केस का विचारण प्रभावित हो सकती है, लिहाजा वीसी के जरिए पूछताछ कर सकते है।

फुटबाल : यूरो कप 2024, स्पेन ने चौथी बार कब्जा जमाया

jasclaudius@gmail.com

खेल भावना के सम्मान की यह है बड़ी मिसाल

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

संसार का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल है। अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल संघ में हालांकि 211 देशों के राष्ट्रीय संघों को मान्यता दी है। जबकि इससे बड़ा खेल संघ वर्ल्ड एथलेटिक्स है जिसमें 214 सदस्य हैं। फिर भी फुटबाल देखने वालों की संख्या ज्यादा है। उसकी प्रसिद्धि के लिए विश्व कप फुटबाल के एक मैच को देखने वालों की संख्या पर गौर करेंगे तो सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। इसके दर्शकों की संख्या प्रति मैच लगभग 53191 तो सभी मैच के स्टैडियम में उपस्थित देखने वालों की संख्या 3,404,252 रही। 211 देश 6 कांफिडरेशन में शामिल है। एशिया में 47, अफ्रीका में 54, उत्तर, मध्य अमेरिकन तथा केरेबियन संघ में 41, दक्षिण अमेरिका में 10, ओसिआनिया में 13 जबकि यूरोप में 55 देशों के फुटबाल संघ को मान्यता प्राप्त है। अभी हाल ही में 55 देशों के यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबाल एसोसिएशन का यूरो कप का आयोजन जर्मनी में हुआ। इसी टूर्नामेंट की शुरुवात 1958 को हुई थी। प्रत्येक चार वर्ष में यह स्पर्धा होती है। 55 में से 24 टीमों ने मुख्य स्पर्धा यूरो कप के लिए योग्यता हासिल की। मुख्य स्पर्धा 14 जून से 14 जुलाई तक जर्मनी में सम्पन्न हुई। इसमें 51 मैच खेले गये जिसमें 117 गोल दागे गये दर्शकों की कुल उपस्थिति 2,681288 रही जबकि प्रत्येक मैच में 52574 दर्शक मैच देखने स्टेडियम में उपस्थित रहे। 6 खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 3-3 गोल किए जिनमें इंग्लैण्ड के हेरीकेन, जार्जिया के जार्जस मिकाउट जे, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड्स के कोडी उडाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और स्पेन के डानी ओलगों आदि शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में स्पेन के रोड्रिगो कासकांट को चुना गया जबकि सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी स्पेन के लामिने यामल को चुना गया। लामिने को इस फुटबाल में आने वाले कल का सितारा कह सकते हैं। 13 जुलाई 2007 को जन्मे इस खिलाड़ी ने स्पेन की अंडर-15 अंडर -16 की टीम की तरफ से खेला। फिर 2023 में अंडर-17 की 2023 यूरोपीयन अंडर-17 चैंपियनशिप में स्पेन का प्रतिनिधित्व किया। इसमें लामिने ने 4 गोल दागे। सिर्फ 16 वर्ष 50 दिन की उम्र में 1 सितंबर 2023 को यूरो कप क्वालीफायर में जार्जिया और सायप्रस के साथ स्पेन के होने वाले मैच के लिए स्पेन की टीम में लामिने को शामिल कर लिया गया। जार्जिया के विरुद्ध उन्होंने 8 सितम्बर 2023 को पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया उस समय उनकी उम 16 वर्ष 57 दिन की थी। वे स्पेन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल करने वाले सबसे युवा फुटबाल खिलाड़ी बने। साथ ही यूरो कप के योग्यता चक्र में भी यही उपलब्धि हासिल की। अब तक लागतार चमत्कारिक प्रदर्शन करने वाले लामिने 16 साल 338 दिन की उम्र में यूरो चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सबसे युवा फुटबालर साबि तहुए। इस तरह यूरो कप 2024 में राउंड आफ 16 में जार्जिया के विरुद्ध खेलकर, जर्मनी के विरुद्ध क्वार्टर फायनल, सेमीफायनल, फायनल खेलकर और उकनी राष्ट्रीय टीम स्पेन के विजेता बनने पर सभी चक्र में सबसे युवा खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। यूरो कप के दौरान सबसे बड़ी बात किसी तरह की विवादास्पद घटना सामने नहीं आई। सभी खिलाड़ियों ने संयमित होकर अनुशासन के साथ अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला किया। इसके अलावा इस चैंपियनशिप के लिए चयनित सभी रैफरी, जज आदि निर्णय से जुड़े सभी हस्तियों ने ईमानदारी से अपनी-अपनी भूमिका निभाई। कहने का अर्थ इतनी प्रतिष्ठित स्पर्धा में सभी वर्गों द्वारा खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया गया। दूसरी तरफ अपनी-अपनी टीम को विजय दिलाने के लिए स्टेडियम में उपस्थित लगभग 52 हजार से अधिक दर्शकों में भी आपस में विवाद नहीं हुआ। ना ही दर्शकों ने मैदान में किसी तरह प्रतिबंधित चीजों को फेंका, यूरो कप के दौरान इस तरह का आचरण फुटबाल ही नहीं सभी खेल के प्रशंसकों, समर्थकों के लिए एक सबक है। कुछ देशों में हार-जीत पर पिछले वर्षों में कुछ घटनाएं हुई है लेकिन यह सब व्यर्थ की बातें हैं। जय-पराजय को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए और यूरो कप से जो कुछ निकलकर आया वह यह है कि जीत हो या हार हम सदैव खेल के साथ हैं।

मुकेश सहनी के पिता की हत्या के मामले में SIT गठित

पटना,16 जुलाई। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की सोमवार रात हुई जघन्य हत्या के कुछ घंटों बाद, मामले की गहन और त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए बिहार की दरभंगा पुलिस द्वारा एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस के मुताबिक, जांच प्रक्रिया की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की एक टीम को स्थान पर बुलाया गया है। इस बीच, बिहार पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले को सुलझाने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है। पूरे मामले पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि हमने तुरंत कार्रवाई की है और सीएम ने इस मामले की जल्द से जल्द जांच करने के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया है और आरोपियों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा। बिहार के पास देश में सबसे तेज काम करने वाली पुलिस है। उचित जांच की जाएगी और आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। बिहार सरकार के मंत्री और जेडीयू नेता विजय चौधरी ने कहा कि यह एक दुखद घटना है। सरकार इसे गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपराधी किसी भी हालत में बच न सकें। मुकेश सहनी राज्य में मंत्री रह चुके हैं और एक पार्टी के संस्थापक हैं, इसलिए यह मामला बेहद गंभीर है। जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। बिहार के मंत्री मदन सहनी ने कहा कि पुलिस अधिकारी मौके पर हैं और जांच जारी है। मुकेश सहनी के पिता के आवास पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि त्वरित कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि हम उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

एक मामले में सीबीआई जांच और दूसरे में 7 महीने बाद सिर्फ एफआईआर दर्शाता है सरकार का दोहरा चरित्र:देवेंद्र

भिलाई, 16 जुलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को भिलाई नगर थाना ने 13 जुलाई को विधायक देवेंद्र यादव के आवेदन पर किए गए एफआईआर के पश्चात नोटिस जारी कर अपने बयान के लिए बुलाया था, उक्त मामले में विधायक सेक्टर 6 कोतवाली पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराया। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि सर्वप्रथम पुलिस को 2/8/ 2023 को उनके साथी देवेश पाणिग्रही ने आवेदन देकर वायरल हो रहे आपत्तिजनक वीडियो की जानकारी दी थी एवं उच्च स्तरीय जांच और एफआईआर की मांग की गई। इसके पश्चात विधानसभा चुनाव के दौरान 15 नवंबर 2023 को सार्वजनिक रूप से प्रेस कांफ्रेंस करके सीबीआई जांच की मांग की थी फिर विधानसभा चुनाव के पश्चात 29/1/2024 को पत्राचार किया गया था इसके पश्चात पुन 23 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की जानकारी दी थी एवं विधानसभा में प्रत्यक्ष रूप से विधानसभा में प्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष आवेदन देकर एफआईआर एवं सीबीआई जांच की मांग की थी तत्पश्चात 22 मार्च 2024 को पुनः आवेदन देकर एफआईआर की मांग की कुल 6 आवेदन और 7 महीने 20 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया और आज लगभग 4 महीने बाद उन्हें बयान देने के लिए बुलाया ।

फोरेंसिक लैब में हो जांच हम सैंपल देने तैयार

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि कोई भी फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी वाइस सैंपलिंग के लिए वह तैयार है वीडियो की उच्च स्तरीय जांच देश के प्रतिष्ठित फॉरेंसिक लैब चंडीगढ़ और गांधीनगर में होनी चाहिए और अगर सैंपल देने के लिए उन्हें जाना पड़े तो उक्त स्थल पर भी वो जाएंगे । मॉर्फ वीडियो बनाने और प्रसारित करने वाले पर हो कार्यवाहीपूरे प्रकरण की सीबीआई जांच होनी चाहिए और इस मामले में संलिप्त दोषियों के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए और जल्द से जल्द इन सब की गिरफ्तारी होनी चाहिए और मुझे न्याय मिलनी चाहिए

सरकार अपना रही दोहरा रवैया

विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि एक और एक मामले में सरकार के तत्कालीन मंत्री के ऊपर आपत्तिजनक वीडियो के मामले में सीबीआई की जांच की जाती है।

और दूसरी तरफ विपक्ष के विधायक के सात महीने आवेदन देने पर भी सिर्फ एफआईआर होती है और कोई जांच नहीं की

जामुल सहायक अभियंता सीबी परगनिहा को ज्ञापन सौंपा

जामुल, 16 जुलाई। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छ.ग. के आहवान पर नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाना है जिसके समर्थन में छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा सहायक अभियंता सी.बी. परगनिहा को ज्ञापन दिया गया । नीलकंठ वर्मा अध्यक्ष छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें कर्मचारियों द्वारा शासन से मांग किये है कि छ.ग. कोषालय से नगरीय निकाय कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया जाये एवं एन.पी.एस. की जगह ओ.पी.एस. पेशन लागू किया जाये साथ ही पालिका से संबंधित समस्याओं पर सामान्य चर्चा करने के उपरांत पालिका के कर्मचारी गण श्रीमती आशा जंघेल, श्रीमती हर्षा मेहरा, हेमंत वर्मा, पुनीत वर्मा, भानू चौहान, केदार बंछोर, मेघनाथ सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, प्रकाश मानिकपुरी, नरेन्द्र मढ़रिया, सेनकुमार सोनवानी, हिम्मत मंडावी, रामू देवांगन, बशीर खान, महेन्द्र परगनिहा, मोहन वर्मा, हीरो बाई, वेदांत वर्मा ने ज्ञापन सौंपा ।

शहरी मितानिन ने घरों में ओआरएस और जिंक की दवाई वितरित किया

कवर्धा,16 जुलाई। शहरी मितानिन के द्वारा वार्ड 17 में ओ आर एस और जिंक की दवाई वितरित की गई । दस्त के रोकथाम एवं बचाव के लिए मितानिन कीर्ति चतुर्वेदी द्वारा 160 घरों में वितरित की गई ।

तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

भिलाई, 16 जुलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के संपर्क व प्रशासन-राजभाषा विभाग द्वारा 13 जुलाई को मानव संसाधन विकास केन्द्र सभागार में संयंत्र के हिंदी समन्वय अधिकारियों एवं तिमाही रिपोर्ट भरने वाले कार्मिकों हेतु तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी थे। मुख्य अतिथि अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि हिंदी हमारे राष्ट्र के समग्र विकास में सहायक है। हिंदी से न केवल हमारे दैनंदिन एवं कार्यालयीन कार्यों में सरलता होती है, वरन इससे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती है। ऑनलाइन प्रणाली आज की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से हम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं, बल्कि प्रक्रिया को त्वरित रूप से संपन्न भी कर सकते हैं। इसकी सहायता से राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक, महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि संयंत्र के अधिकारीगण कार्यक्षेत्र के अपने महत्वपूर्ण दायित्वों के साथ ही साथ हिंदी के प्रचार-प्रसार का कार्य भी कर रहे हैं, यह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित महाप्रबंधक दीनामणि नायक उन्होंने बताया कि, भिलाई इस्पात संयंत्र में शामिल होने से पूर्व उन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था। निरंतर प्रयासों से उन्होंने आज न केवल हिंदी सीख ली है, वरन अपने कार्यालयीन कार्य भी हिंदी में करते हैं। नोटशीट, टिप्पणी एवं पत्र आदि हिंदी में बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सरल शब्दों एवं छोटे वाक्यों के प्रयोग से हिंदी सीखना आसान हो जाता है। सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे ने हिंदी ड्राफ्टिंग को बेहतर बनाने और सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने गूगल जैमिनी के उपयोग पर प्रस्तुति दी। कार्यशाला में हिंदी के अभ्यास के लिए सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, सुरक्षा एवं हिंदी पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री सुलेखा नायक अनुभाग अधिकारी, द्वितीय बी गोपाल राव, तृतीय कुलदीप सिंह तोमर, कनिष्ठ अधिकारी तथा प्रोत्साहन पुरस्कार अवनीश दुबे, सहायक महाप्रबंधक, राकेश सिंह ठाकुर वरिष्ठ प्रबंधक और सुश्री सीमा शर्मा मास्टर ऑपरेटिव ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों के ऑनलाइन प्रणाली में संभावित तकनीकी समस्याओं से संबंधित प्रश्नों का समाधान करते हुए उप महाप्रबंधक सोमित आइच ने उनके कठिनाइयों का निवारण किया तथा उपयोगी सुझाव भी दिये। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण डॉ उदय कुमार, संजय कुमार डोकानिया, प्रणव कुमार, शंकर सिंह नेताम, उमाशंकर परगनिहा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

एक नजर

संदिग्ध अवस्था मिला शव

भिलाई, 16 जुलाई। भिलाई बीएसपी के पूर्व डीजीएम तरविंदर सिंह क्षत्रीय की अपने घर पर संदिग्ध अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर स्मृतिनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मौत का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है स्मृतिनगर पुलिस ने बताया कि बीएसपी के मैत्रीबाग के प्रभारी रहे पूर्व डीजीएम चौहान टाउन जुनवानी निवासी तरविंदर सिंह क्षत्रीय (68 वर्ष) की लाश उनके घर के बेडरुम में जमीन के नीचे पड़ी मिली मृतक का बेटा पाटन के पेंडरी गांव में रहता है और दूसरी पत्नी अपनी बेटी के साथ रिसाली में रहती है। मृतक चौहान टाउन में परिवार से अलग अकेले रहते थे। गुरुवार को आखिरी बार मृतक की अपने बेटे से बात हुई थी। इसके बाद लगातार कॉल करने के बाद भी बात नहीं हो पा रही थी। जब मृतक के बेटे ने रविवार को मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरा देखा तो घर पर बेडरुम में अपने पिता का शव देखा। इसके बाद वह घर पहुंचा। किसी तरह से घर का दरवाजा खोलकर बेडरुम में गया तो पिता का शव पड़ा मिला। शव से बदबू आ रही थी सूचना के बाद स्मृतिनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया। पुलिस का मानना है कि तरविंदर सिंह क्षत्रीय की मौत दो दिन पहले हुई होगी हालाकि मौत कैसे हुई इसका कारण स्पष्ट नहीं है।

बैंक के कर्मियों द्वारा जालसाजी कर ठगी

भिलाई, 16 जुलाई। दुर्ग इलाहाबाद बैंक के कर्मियों द्वारा लोन के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 385,409,420,467,468,471,1 20 बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड 19 कैलाश नगर निवासी तिजिल सिंह गणेश सिंह, निखिल सिंह ने शिकायत किया है कि लोन खाते में ईलाहाबाद बैंक के कर्मियों द्वारा जालसाजी कर ठगी किया है बैंक कर्मियों में एल आर ठाकुर, रिमी घोष, अजय शिंडे, बीपी सिंह, कमल सिदार्थ, आनंद सुलेमान, राजेश बेलसरे, अतीश श्रीवास्तव, अरुण सिंह का नाम सामने आया है। पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है इलाहाबाद बैंक संतराबाडी दुर्ग में स्थित है जिसे इंडियन बैंक के रूप में मर्ज कर संचालित किया जा रहा है। तिजिल सिंह से 21 लाख 50 हजार, गणेश सिंह से 52 लाख 82 हजार 500 और निखिल सिंह से 28 लाख रुपए की ठगी बैंक कर्मियों द्वारा किया गया है

आरक्षक सहदेव बर्खास्त

भिलाई, 16 जुलाई। भिलाई निलंबित आरक्षक सहदेव सिंह यादव को आपराधिक आचरण, अनुशासनहीनता समेत अन्य कारणों से

दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बर्खास्तगी की कार्रवाई की है 11 जुलाई को सहदेव को सोमनी राजनांदगांव से गिरफ्तार हुआ था सहदेव सिंह यादव के खिलाफ अन्य धाराओं के तहत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों ने कार्रवाई किया सहदेव पर मनीलार्डिंग का आरोप है गौरतलब हो कि ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक को लेकर सहदेव पर गंभीर आरोप भी लगे है इसके अलावा भीम यादव, अजुर्न यादव की इससे पहले गिरफ्तारी हो चुकी है इनके खातों से करोड़ों रुपए का लेनदेन होना बताया जा रहा है ।

महंगाई सातवें आसमान पर , गृहणी और गरीब परिवार चिंतित

कवर्धा, 16 जुलाई। आलू , प्याज , टमाटर खरीदने के लिए ग्राहक बाजार जाते है और रेट सुनकर ही एक किलो के बदले एक पाव खरीदते है और चिंतित देखे जाते है । जब घर सब्जी पहुंचती और गृहणी देखती है और कहती है इतनी कम सब्जी आई । सब्जी खरीदने वाले ने कहा की क्या सब्जी खरीदे कुछ समझ नहीं आ रहा है और आधा झोला भी सब्जी नही आती । सरकार को महंगी कम करने पर ध्यान देना चाहिए । थाली से आलू की भुजिया और टमाटर चटनी भी गायब हो रही है।

सड़क हादसे में मौत

भिलाई, 16 जुलाई। अंजोरा चौकी अंतर्गत रसमड़ा बाइपास के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरने युवक की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है अंजोरा पुलिस ने बताया कि काली बाड़ी डोगरगढ़ निवासी विश्वजीत पंडा बाइक से दुर्ग आ रहा था। तभी रसमड़ा बाइपास के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होने से दूर जा गिरा घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में विश्वजीत की मौत हो गई।

सेलुद से पतोरा रोड में स्ट्रीट लाईट लगवाने ग्रामवासियों ने की मांग

दुर्ग, 16 जुलाई । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 157 आवेदन प्राप्त हुए। बोरसी के ग्रामवासियों ने बोरसी में लगने वाले एयरटेल टॉवर को हटाए जाने की मांग की। ग्रामवासियों का कहना है कि बोरसी ग्राम सघन आबादी क्षेत्र होने के टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन से स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बड़े बुजुर्ग एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद द्वारा हमर क्लीनिक में डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उरला स्थित 'हमर क्लीनिक' में विगत चार माह से डॉक्टर नही होने के कारण ग्रामवासियों को चिकित्सीय सुविधा के लिए अन्यत्र स्थान जाना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।छात्र पालक संघ ने स्कूल भवन निर्माण को शीघ्र पूर्ण करवाने की गुहार लगाई। वार्ड 37 में स्थित लाल बहादुर शास्त्री शासकीय विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण विद्यालय को तोड़ने के पश्चात पुर्ननिर्माण किया जाना था।

बीएसपी की बड़ी कार्रवाई जारी, 66 डिक्री आवासों पर अवैध कब्जे को कराया खाली

भिलाई, 16 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा लगातार सातवें दिन भी संपदा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना, भिलाई नगर, पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। 15 जुलाई को अवैध कब्जेधारियों पर बेदखली कार्यवाही करते हुए कुल 73 आवासों से अवैध कब्जेधारी निकाले गए एवं कुल 66 डिक्री आवासों पर अवैध कब्जे को खाली कराया गया। इन बीएसपी आवासों को अवैध रूप से कब्जा कर दलालों द्वारा किराया वसूली किया जा रहा है। 15 जुलाई को सेक्टर-06 समेत टाउनशिप के कुछ अन्य स्थानों पर अनफिट ब्लॉक्स में कुल 73 अनफिट आवासों को खाली कराया गया7 इन आवासों में विद्युत-जल आपूर्ति को बंद कर, दरवाजे खिड़कियों को निकाल दिया गया है। साथ ही सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन (आंशिक रूप से ध्वस्त) करना शुरू कर दिया गया है। 2024-25 में अब तक संपदा न्यायालय से पारित कुल 242 डिक्री आवासों से अवैध कब्जेधारियों से खाली करवाए गए एवं कुल 458 अवैध कब्जा आवासों को खाली कराया जा चुका है। निम्नलिखित 66 डिक्री आदेश आवास से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल किया गया-उपरोक्त अनफिट ब्लॉक्स को अधिकृत एजेंसी द्वारा खतरनाक घोषित किया जा चुका है। इन अवैध कब्जेधारियों, भू माफियाओं और दलालों के विरुद्ध बीएसपी प्रबंधन द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। बीएसपी आवासों में अवैध रूप से रहने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी आदेश जारी कर कार्यवाही की जाएगी।

आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए कार्रवाई जारी

बारिश के मौसम में आवारा मवेशी यातायात के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा 15 जुलाई 2024 को 10 आवारा मवेशियों को पकड़कर उन्हें कांजीहाउस भेजा गया। ज्ञात हो कि ऐसी ही कार्यवाही के दौरान 13 जुलाई 2024 को कुल 09 गाय-बछड़ों को सेन्ट्रल एवेंव्यू से पकड़कर कोशानगर कांजी हाउस भेजा गया था।

सूडान में शहीद नायक की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का मूर्तिकार अंकुश ने किया निर्माण

भिलाई, 16 जुलाई। दक्षिण सूडान में शहीद हुए नायक युवराज सिंह की 10 फीट ऊंची नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने किया है। ग्राम पाहंदा ब्लॉक पाटन में इसे 13 जुलाई उनके शहीद दिवस पर उद्घाटित किया जाएगा। युवराज सिंह भारतीय सेना के पंजाब रेजिमेंट में अपने अंतर्राष्ट्रीय ड्यूटी के दौरान वर्ष 2020 में कर्तव्य निर्वहन पर शहीद हुए थे। शहीद युवराज की भव्य, विशालकाय और हूबहू प्रतिमा के निर्माण पर पहंदा गांव के गणमान्य नागरिकों तथा परिवार के लोगों ने मूर्तिकार को धन्यवाद दिया है। ज्ञात हो कि मूर्तिकार अंकुश देवांगन समकालीन भारतीय कला जगत के एक शीर्षस्थ स्तंभ हैं। उनके द्वारा बनाई गई कुछ विशिष्ट कलाकृतियों का उल्लेख वैश्विक स्तर पर की जाती है। इनमें दल्ली राजहरा स्थित छः मंजिली इमारत जितना ऊंचा कृष्ण-अर्जुन-भीष्म पितामह का विश्व का सबसे बड़ा लौहरथ, रायपुर के पुरखौती मुक्तागन में बना दुनिया का सबसे लंबा भित्तिचित्र तथा दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां प्रमुख है। अंकुश छत्तीसगढ़ राज्य के पहले कलाकार हैं जो संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के ललित कला अकादमी में बोर्ड मेम्बर बने हैं।

नगर निगम भिलाई की सामान्य सभा में पूर्व निर्धारित बैठक संपन्न

भिलाई, 16 जुलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सोमवार को सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी. सदस्यगण, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद, नगर निगम के प्रमुख अधिकारी उपस्थित हुए। नगर निगम भिलाई के सभागार में 11 बजे सामान्य सभा की शुरुआत हुई। जिसमें सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा सफाई से संबंधित पूर्व निर्धारित एजेण्डा क्रमांक 2 से 16 तक सफाई से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया। एम.आई.सी. सदस्य, पार्षदगण, नेता प्रतिपक्ष, महापौर शहर की सफाई कैसे और व्यवस्थित हो इसके संबंध में अपने सुझाव एवं विचार रखें।

सफाई संबंधित विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अभी वर्तमान में पूर्व एजेंसी से कार्य कराते हुए नयी एजेंसी के लिए निविदा जारी की जावे। हमारा भिलाई नगर साफ सुथरा और व्यवस्थित हो इसलिए निगम के 25 प्रतिशत पार्षदगण की एडवाइजरी कमेटी बनायी जायेगी। जिसमें सेक्टर क्षेत्र के भी पार्षदगण होगें। सभी लोग मिलकर निर्णय लेगे उसके आधार पर सफाई के लिए आने वाली एजेंसी से कार्य लिया जायेगा। उन्ही के सुझाव पर आगामी सफाई संबंधी अनुबंध होगा, प्रस्ताव पारित किया गया। एजेण्डा क्रमांक 19 पेयजल के विषय पर भी पार्षदगणो ने अपना विचार रखा। पेयजल की पूर्ति सभी नागरिको तक पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति हो इस पर भी सत्ता पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनो पक्षो के तरफ से विचार विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि टंकियो को जोड़ने के लिए जो प्रस्ताव सदन के सामने रखे गये है, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल से संबंधित आगामी बैठक रखी जावे। जिसमें सभी पार्षदगण अपने अपने वार्ड के पेयजल की प्रतिपूर्ति के संबंध में चर्चा करेगें।

कोसरिया पटेल मरार समाज पाटन राज के द्वारा विधवा विवाह की परंपरा की शुरुवात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 16 जुलाई। असहाय स्त्रियों पुनर्विवाह कर उनके जीवन में नवदंपतिय जीवन का रंग भरे ऐसा विचार पाटन राज कोसरिया मरार (पटेल) समाज द्वारा अभिनव पहल किया गया। पाटन राज पटेल (मरार)।समाज द्वारा अभिनव पहल ग्राम असनारा में देखने को मिला जो हर्ष और गौरव की बात है धमतरी जिला निवासी खुमान चंद पटेल (शिक्षक) प्रदेश महासचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार समाज छःग , पारसमणी पटेल समाज सेवक सांतरा, पाटन के माध्यम से पाटन राज द्वारा माता सावित्री बाई फुले प्रेरणा स्रोत लेते हुए । विदुर महिला पुनर्विवाह श्रीमती सोहद्रा पटेल पिता स्व गणेश राम पटेल,चाचा आत्माराम पटेल दुर्ग जिला अध्यक्ष पूर्व राज अध्यक्ष पाटन ग्राम असनारा पाटन का पुनर्विवाह तेजराम पटेल पिता खिलावन पटेल ग्राम, पोस्ट हसदा नंबर 1 तह.मगरलोड ज़िला धमतरी का पुनर्विवाह दिन सोमवार ग्राम अरसनारा, पाटन में हसदा एवं पाटन राज समाजिक बंधुओं द्वारा समाजिक रिती रिवाज से सम्पन्न हुआ। पाटन राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, आत्माराम पटेल जिला अध्यक्ष दुर्ग, पारसमणी पटेल द्वारा मां शाकंभरी देवी का छाया चित्र भेंट कर नवदंपत्ति दांपत्य जीवन में बंधे जिन्हे समाज एवम् परिजनों ने बधाई एवं ढेरो शुभकामनाए दिया गया। जो अन्य समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है

समाज से रुढ़िवादी परम्पराओं से ऊपर उठकर इस श्वेत नियम को बदलना होगा।

असहाय स्त्रियों के जीवन में रंग भरना होगा।

आओ हम सब एक नेक पहल करे।

निगम दुर्ग क्षेत्र में आवारा मवेशियों की हुई धरपकड़, निगम ने चलाया अभियान, मुख्य सड़क से पकड़े गए 11 आवारा पशु

दुर्ग, 16 जुलाई । नगर पालिक निगम क्षेत्र में आवारा पशुओ को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य जी ई मार्ग रायपुर नाका से लेकर गंज पारा तक मुख्य सड़क से 11 आवारा पशुओं को पकड़ा गया।नगर निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए नगर निगम क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्देश दिए हैं।अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशियों को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे पुलगांव गौठान में छोड़ा जा रहा है। नगर निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए पुलगांव चौक, अंजोरा रोड, राजेन्द्र पार्क, मालवीय नगर साइंस कॉलेज,नया बस स्टैंड, रायपुर नाका ओवरब्रिज, गंजपारा तथा जीई रोड के किनारे आवारा मवेशियों को पकड़ रही है।आवारा पशुओं के कारण आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने योजना बनाकर कार्य कर रहे है।

एक नजर

जनपद सभापति द्वारा कराया गया न्योता भोज का आयोजन

डोंगरगांव 16 जुलाई। डोंगरगांव समीपस्थ सुखरी में आज दिनांक 15- 07- 2024 को प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन श्रीमती चन्द्रिका रोहित सोनकर द्वारा किया गया । जिसमें उनके द्वारा खीर,पूरी,सब्जी समेत सम्पूर्ण भोजन बच्चों को अपने हाथो से परोसा गया इस अवसर पर प्राथमिक शाला सुखरी के प्रधान पाठक सपना भारतद्वाज,शिक्षक गिरिजा साहू , सरस्वती साहू उपस्थित थे । शाला स्टॉफ ने उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रार्थी के गुम बैग को कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल बरामद कर सुपुर्द किया

राजनांदगांव 16 जुलाई। 14 जुलाई को प्रार्थी अजय भारती साहू पिता विशम्भर साहू निवासी रेवाडीह वार्ड नं0 22 थाना लालबाग जिला राजनांदगॉव का थाना आकर सूचना दिया कि जिला कार्यालय के सामने ओव्हर ब्रिज के नीचे बिजली सामान का दुकान लगाता हूँ, दुकान को बंद कर घर जा रहा था थैला मोटर सायकल के पीछे बांधा था जो घर जाने के बाद पता चला कि बैग का कही रास्ते मे गिर जाना बताया कि सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ भेजकर कलेक्ट्रेट, अम्बडेकर चौक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया जो जिसमे एक व्यक्ति द्वारा अम्बेडकर चौक से प्रार्थी के गिरे हुए बैग को उठाकर अपने साथ ले गया। अज्ञात व्यक्ति के मोटर सायकल के नंबर के आधार अज्ञात व्यक्ति का पता लगाया गया। व अज्ञात व्यक्ति को थाना बुलावाकर गुम बैग जिसमे प्रार्थी का 10 नग एमरजेंसी लाईट, 08 नग टार्च, 04 नग बल्ब, पर्स जिसमे आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज इत्यादि रखा था जिसे ढुंढकर प्रार्थी को सांपा गया जिस पर प्रार्थी द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, आर0 कमलेश बंजारे, ललित सिंह, सी0सी0टी0व्ही0 ऑपरेटर अभिषेक साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

जिला राजनांदगांव को मिला इंटरसेप्टर वाहन

राजनांदगांव 16 जुलाई। 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आबंटित नये इंटरसेप्टर वाहन को पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक झा राजनांदगांव रेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन अत्याधुनिक मशीनों से लैस है। स्पीड लेजर गन, लेजर एवं इन्फ्रारेड तकनीक में कार्य करती है। यह सड़क पर तेज गति से चलने वाले वाहनों को 500 मीटर की दूरी से कैप्चर कर लेती है, जिससे ओव्हर स्पीड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करने में सहायक होगी। साथ ही इंटरसेप्टर वाहन में एक साथ अन्य कई विशेषताएं है। इंटरसेप्टर वाहन की मदद से अब यातायात पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही करेंगी। यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करे, ओव्हर स्पीड एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाएँ। नियंत्रित गति में वाहन चलाये एवं सुरक्षित रहें।

अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक के लिए 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव 16 जुलाई। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने सभी प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन 23 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में संस्था के नोटिस बोर्ड तथा महाविद्यालय की वेबसाइड में अपलोड किया गया है, जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूरा करें: विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की

रायपुर, 16 जुलाई। उपमुख्यमंत्री एवं बालोद जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र एंव राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित की जाए। जिससे कि शासन के मंशानुरूप आम जनता को उसका समुचित लाभ सुनिश्चित हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों एंव जिले के कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में श्री शर्मा ने जिला अस्पताल बालोद में डॉक्टरों एवं अधिकारी कर्मचारियों के निर्धारित समयावधि में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु शुरू की गई बायो मेट्रिक व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे पूरे जिले के अस्पतालों में शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने राजस्व विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी स्थिति में उनके राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने

इस कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा। बैठक में श्री शर्मा ने शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बच्चो को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु स्कुलो में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता के अलावा शिक्षकों का समय पर एंव नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलो में बच्चो के अध्ययन अध्यापन की समुचित मानिटरिंग एंव शिक्षकों की उपस्थिति सुनिशिचत कराने हेतु जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय के प्राथमिक शालाओ में सीसीटीवी कैमरा लगाने एंव शिक्षकों तथा कर्मचारियों का बायो मेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एंव जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इसकी समुचित मॉनिटरिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य को 01 माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। श्री शर्मा ने कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में इस कार्य की समीक्षा करेगें। प्रभारी मंत्री ने जिले के शाला भवनों की स्थिति समीक्षा करते हुए जर्जर शाला भवनों को डिस्मेंटल किये जाने पर कक्षा संचालित करने हेतु की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने मौजूदा मानसून सीजन के दौरान जिले में खाद बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समुचित मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु जरूरी व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

लोहे के होर्डिंग स्टैण्ड को चोरी कर ले जाते 3 आरोपीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड 16 जुलाई। ग्राम रांकाडीह मधुबन धाम स्थित रोड किनारे लगे लोहे के फ्लैक्स होल्डिंग स्टैण्ड को गैस कटर की सहायता से काट कर चोरी कर वाहन में भरकर ले जाते पकड़ा गया, आरोपियों पर थाना मगरलोड में अपराध क्र. 243/24 धारा 303 (2), 3 (5) बी.एन.एस. कायम कर आरोपीयों से पूछताछ कर मेमोरेण्डम लिया गया, जिसमें आरोपीयों ने रोड किनारे लगे लोहे के फ्लैक्स होल्डिंग स्टैण्ड को गैस कटर से काटकर चोरी करना स्वीकार किया चोरी किये 09 नग छोटे बड़े लोहे के एंगल, दो नग गैस टंकी एंव गैस कटर मशीन एंव घटना में प्रयुक्त वाहन कमांक छत्त 04 स्ह 5176 में को पेश करने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी 1 अग्निदव उर्फ देवा भारद्वाज पिता शम्भू भारद्वाज उम्र 35 वर्ष साकिन वार्ड नं. 16 सोमवारी बाजार नवापारा थाना गोबरा 2 राहुल राजभर पिता राजकुमार राजभर उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम वालीपुर थाना देवगांव जिला आजमगढ़ उ.प्र. हाल बैधनाथपारा रायपुर थाना कोतवाली जिला रायपुर (छ0ग0) 3 हिलेश साहू पिता यादराम साहू उम्र 18 वर्ष 05 दिन साकिन वार्ड नं. 21 शीतलापारा नवापारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, प्रआर. जैतराम जोगी, आरक्षक शंकरलाल आरदा, गोविंदा घृतलहरे, विमल पटेल, गिरधारी निषाद, अजय गिरी का विशेष योगदान रहा।

शहर में हरियाली लाने चल रहा वृक्षारोपण अभियान: आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 16 जुलाई। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के दिन पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूवात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की थी। देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में अभियान के तहत लोग एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाने उत्साह दिखा रहे है। इसी कडी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में आयुक्त निवास में अपनी माता जी के साथ परिवार वालो की उपस्थिति में बरगद, पीपल एवं नीम का पौधा लगाया। उन्होंने शहर वासियों से इस अभियान में जुड़ शहर में हरियाली लाने अपनी माँ के साथ या माता जी की स्मृति में पौधरोपण करने अपील की है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे बरगद व पीपल का पेड़ वर्षो तक हमें सहारा देते है, उक्त पेड़ आक्सीजन व छाया देने के साथ साथ धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है। उसी प्रकार हमारी माँ हमे बचपन से बड़े होते तक हमारा ध्यान रखकर हमे सहारा देने के साथ साथ सफल जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हमे अपनी माता जी के साथ या उनकी स्मृति में अपने घर आंगन, बगिचा व खेत में पौध रोपण करना है। उन्होंने कहा कि आज शहर को विकसित करने वृक्ष अंधाधुध काटे जा रहे है, लेकिन उस मात्रा में पेड़ लगाया नहीं जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदुषित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधा लगाना अत्यंत जरूरी हो गया है। पौधे लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है, क्योकि देख रेख करने से ही पौधे वृक्ष का रूप लेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरीश कर उन्हें बडा करते है, उसी प्रकार हमे पौधे की देख रेख कर बड़ा करना है, तभी वृक्षारोपण की सार्थकता होगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा

कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, पूर्व वर्षो में लगाये गये पौधों में अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे है। इस वर्ष भी निगम द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया और 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें शहर के आंतरिक एंव बाह्य क्षेत्रों में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसके तहत मुक्तिधाम, स्कूल, कालोनी, मेन रोड सड़क के किनारे, शासकीय कार्यालय, खुले स्थानों में, शासकीय रिक्त भूमि में अब तक लगभग 27 सौ पौधे लगाये जा चुके है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों ने इस वर्ष विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोण अभियान जन सहयोग के बिना अधुरा है।

इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 जुलाई को पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव 16 जुलाई। राजनांदगांव निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत स्थित जल संयंत्रगृह मोहरा के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जाना है,जिसके कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकी से 17 जुलाई से 20 जुलाई 2024, चार दिन तक शाम की पेयजल सप्लाई नहीं हो पायेगी एवं सुबह की सप्लाई विलंब से होगी। साथ ही इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 को शाम की सप्लाई नहीं होगी तथा 17 को सुबह समय में व 18 को सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शहर वासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने राजनांदगांव नगर निगम द्वारा मोहरा स्थित जल संयंत्रगृह के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जाना है,जिसके कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों सिंगदई मोहड टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टाका घर नया आर.सी.सी. टंकी, टाका घर नया टंकी, टाका घर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी से दिनांक 17 जुलाई को सुबह की पेयजल सप्लाई की जावेगी एवं शाम की पेयजल सप्लाई नहीं होगी और दिनांक 18,19 एव 20 जुलाई को शाम की पेयजल सप्लाई नही होगी तथा सुबह की पेयजल सप्लाई विलंब से होगी। इसी प्रकार 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में भी स्काडा सिस्टम लगया जाना है।

समाचार संक्षेप

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू किसानो के साथ पहुँचे बिजली ऑफिस सौपा ज्ञापन

छुरिया 16 जुलाई। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के किसानों द्वारा आज बिजली ऑफिस छुरिया पहुंचकर ज्ञापन सौपा गया। जिसमे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने किसानों के साथ ज्ञापन दिया ष्ठ. एन के साहू श्र. डी के चतुर्वेदी जी छ्वश्व ठाकुर को छुरिया को पत्र सौंपते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की समस्या को गंभीरता से ध्यान दें और बिजली की समस्या ना हो सात दिन में पूरे क्षेत्र में लो ओल्टेज की समस्या नहीं होना चाहिए हम सब किशान साथी सात दिन का अल्टीमेट देते है अगर ऐसी समस्या होता रहेगा तो हम आंदोलन चक्का जाम करेंगे यह कहते हुए ज्ञापन सौपा गया इस दौरान नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार ,सिन्हा,मनोज सिन्हा, सतीश पटेल, अकील मेमन कांग्रेस कार्यकर्ता गण किसान नेता छबिलाल यादव , वासुदेव चंद्रवंशी सोनसाय निषाद बसंत उईके भुनेश्वर गौतम साहू किसान साथी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शीतला माता की हुई प्राण प्रतिष्ठा

डोंगरगांव 16 जुलाई। डोंगरगांव समीपस्थ ग्राम बेंदरकटा में ग्राम की अधिष्ठात्री देवी शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा छतीसगढ़ की परंपरा अनुसार गत दिनांक 15 जुलाई को जुड़वास त्योहार मनाकर नव निर्मित मन्दिर में माता की मूर्ति की स्थापना विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया उक्त अवसर पर मन्दिर परिसर में भोजन भंडारा में समस्थ ग्राम वासियो ने शामिल होकर सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया इस दैवीय आयोजन को सफल बनाने में खोरबाहरा साहू,भैया लाल सोनटेके, मुकेश उइके ,मधुकर सोनटेके,ग्राम के बइगा राजेन्द्र निषाद,देवार साहू फकीरा पटेल,जीवराखन यादव देवेंद्र साहू, एवम समस्त ग्राम वासियों का योगदान रहा।

विशाल हिंदू धर्म सभा में संतो ने धर्मेश कुमार अटनागर का किया सम्मान

डोंगरगांव 16 जुलाई। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ओडोटोरियम में रविवार को विशाल हिंदू धर्म सभा का आयोजन किया गया । यह आयोजन सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी छत्तीसगढ़ और श्री राम हिंदू संगठन छत्तीसगढ़ के द्वारा विशाल हिंदू धर्म सभा जन जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हमारे भारत देश से संत महात्माओं का आगमन हुआ जिनमे प्रमुख रूप से संत में छग से पाटेश्वर जामड़ी धाम के संचालक और छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के संरक्षक श्री राम बालक दास महाराज जी साथ ही अन्य संत में श्री महंत वेद प्रकाश आचार्य महाराज श्री श्री 1008 स्वामी सत्यानंद महाराज जी श्री शिवनाथ योगी जी संत डॉक्टर युधिष्ठिर लाल जी. ब्रह्मचारी डॉक्टर इंद्र भवनआनंद महाराज जी श्री स्वामी राजीव लोचन दास महाराज जी इत्यादि संतो के द्वारा सर्वप्रथम श्रीराम जी की पूजा अर्चना के बाद सभी संतो का आयोजक के द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया फिर शास्त्रीय संगीत के द्वारा नृत्य किया गया ।फिर आए हुए संतो ने हिंदू धर्म सभा में अपना विचार व्यक्त किया और सभी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सभी को संकल्पित किया और कहा कि हमारे भारत देश में हर जगह कोने कोने पर हिंदू धर्म का कार्यक्रम होता रहे हर जगह गौ माता की रक्षा हो और सभी को संकल्पित होना है तभी गौमाता बचेगा आज हर घर में गौमाता की पूजा होनी चाहिए ।आज हम मांग करते हैं गौ माता को राष्ट्र गौ माता घोषित किया जाए और और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए । इस विशाल कार्यक्रम के आयोजन में अनेक संस्थाएं और सामाजिक सेवा में कार्य करने वालों को संत महात्माओं के द्वारा सम्मान किया गया ।

उपाध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव में भाजपा की जीत

- भाजपा के पक्ष में 16 मत तो कांग्रेस को 7 मत
- भाजपा के उमामहेश वर्मा बने रहेंगे उपाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 16 जुलाई। नगर पालिका परिषद में कांग्रेस के द्वारा नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। 15 जुलाई के अविश्वास प्रस्ताव पर दोनो पार्टियों के पार्षद ने मतदान किया जिसमें भाजपा के पक्ष में 16 मत प्राप्त हुए व कांग्रेस के पक्ष में केवल 07 मत ही प्राप्त हुए। इस प्रकार पीठासीन अधिकारी खेमलाल वर्मा डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व नोडल अधिकारी भेल सिंह, श्रवण गभने सहित नपा कर्मचारियो की उपस्थिति में भाजपा को विजयी घोषित किया गया। वार्ड के 23 पार्षदों ने मतदान

में हिस्सा लेकर अपने मत का प्रयोग किया। चूंकि निर्दलीय पार्षद व उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा भाजपा में शामिल हो गए है तो उपाध्यक्ष की कुर्सी यथावत बनी रहेगी और उमा महेश वर्मा कुर्सी पर काबिज बने रहेंगे। नगर के कुल 24 वार्डो में भाजपा के 14 पार्षद तो कांग्रेस के 09 पार्षद है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कांग्रेस के 02 पार्षदों ने क्रास वोटिंग कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है जो नगर में चर्चा का विषय बना रहा। और लोग चर्चा करते रहे कि नवम्बर 2024 में ही नगरीय निकाय चुनाव घोषित है तो अविश्वास प्रस्ताव लाकर दोनों पार्टियों ने अपनी किरकिरी कराई है। राजनैतिक स्टंट में सब जायज है। उपाध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों फटाका फोड़ मिठाई बाँट बधाई दि गई। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के जयकारे भी लगाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर,शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा,महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, पार्षद रमन डोंगरे, प्राची सौमित्र सोनी, डी एकेश राव, अलका जयेश सहारे, हरीश मोटघरे, मुकुंद कंडरा, सत्य प्रकाश मिश्रा, सुमित यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल में मिर्गी इलाज की सुविधा

- शिविर में मिले मरीजों की सूची बनाकर निरन्तर की जा रही देखभाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 16 जुलाई। भारत सरकार दिल्ली के एम्स न्यूरोलाजीसट डॉ ममता भूसन सिंग ने अपने रिसर्च टीम के साथ सिविल अस्पताल नगरी में एक दिवसीय शिविर लगा कर 180 मिर्गी के मरीजों की जाँच की है। मरीजों को अलग अलग प्राथमिक स्वास्थय केंद्र के हिसाब से सूचीबद्ध किया गया हैं ताकि मिर्गी के मरीजो की देखभाल कर इलाज आगे भी निरंतर किया जा सके। यहाँ पर ये बहुत महत्वपूर्ण हैं कि एम्स दिल्ली की डॉक्टर ने नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, मेडिकल ऑफ़िसर, आरएमए, स्टाफ़ नर्स को एस्पेशल ट्रेनिंग दिया हैं ताकि अपने स्तर पर प्रथम चरण में इलाज कर सके। दूसरे चरण के लिए दिल्ली से आए हुए

काउंसलर लगातार सभी अस्पतालों में जाकर अस्पताल के रजिस्टर से मिर्गी मरिजो का नाम सूचीबद्ध कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा हैं। तीसरे चरण में गंभीर हालत के लिए सीधे एम्स के डॉक्टर से संपर्क कर इलाज करने की सुविधा बताई गई है।मतलब अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति को अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में इलाज कर पूरी तरह से स्वथ्य करने का काम चालू हो गया हैं। अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सोमवार को पीएचसी सांकरा में डॉ किशोर साहू आरएमए, शीतल मिश्रा दिल्ली एम्स, यजुवेंद्र सोम फ़ार्मासिस्ट, कविता साहू उपस्थित रहे। इन्होंने चर्चा में बताया कि भारत सरकार के दिल्ली एम्स की सुविधा से निश्चित ही मिर्गी के बीमार लोगो का बढ़िया से इलाज किया जा सकता हैं और आने वाले समय में इस बीमारी पर बहुत जल्दी ही नियंत्रण भी हो पाएगा जिसके लिये सभी ग्रामीण जनो को जागरूक किया जा रहा हैं। इधर नगरी के बाद अब ग्रामीणों ने आगामी दिनों में पीएचसी साँकरा में शिविर लगाने की माँग किया हैं।

संपादकीय

धर्मस्थल और पारदर्शिता

भारत में धर्मस्थलों से जुडे.तथ्यों, रहस्यों की भरमार है और उनका यथोचित खुलासा सुखद और स्वागतयोग्य है। धर्मस्थलों से जुड़े तमाम जरूरी पहलुओं पर से परदा उठाना इसलिए भी जरूरी है, ताकि समय-समय पर बेवजह उठने वाले विवादों का पटाक्षेप हो सके। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश स्थित भोजशाला का विवाद है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सोमवार को भोजशाला-कमाल-मौला मस्जिद परिसर की अपनी वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ को सौंप दी है। एएसआई के अधिवक्ता हिमांशु जोशी ने 2,000 पेज से अधिक की रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी है, जिस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। 11वीं सदी की इस इमारत में तीन महीने से सर्वेक्षण का कार्य चल रहा था और जो तथ्य सामने आए हैं, उन पर अदालत को फैसला करना है। यह ऐसा संवेदनशील मामला है, जिस पर तमाम संबंधित पक्षों को बहुत सावधानी और समझदारी से कदम आगे बढ़ाने चाहिए। ध्यान रहे, हिंदू समुदाय इसे वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद कहता है। लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि इस इमारत को वैज्ञानिक ढंग से परखा जाए। वैसे, पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट में क्या है, इसकी आधिकारिक सूचना अदालती सुनवाई में ही सामने आएगी, पर एक पक्ष का दावा है कि भोजशाला परिसर में बडे. पैमाने पर मूतियों के प्रमाण मिले हैं। प्रमाणों को सियासी मंचों पर नहीं, बल्कि अदालत में परखा जाना चाहिए। विभिन्न पक्षों की खींचातानी या तनाव बढ़ाने की कोशिशें सराहनीय नहीं हैं। यहां यह भी ध्यान में रखना होगा कि अदालती आदेश के अनुसार, पिछले 21 वर्षों से मंगलवार को भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि शुक्रवार को नमाज अदा करने की मंजूरी है। इस प्रचलित व्यवस्था में किसी भी तरह के बदलाव से असर पड़ सकता है, अतः यह फूंक-फूंककर कदम बढ़ाने का समय है। इस पूरे मामले को तथ्यों की रोशनी में देखने की जरूरत है, ताकि हिंदू-मुस्लिम विवाद बनने और बढ़ने न पाए। सभ्य संगठन, सभ्य तौर-तरीकों और लोकतांत्रिक उदारता के साथ भोजशाला विवाद को सुलझाना चाहिए। क्या ऐसी कोई भी मांग किसी धर्म के नाम पर न होकर न्याय और सच्चाई के आधार पर की जा सकती है? यहां खास तथ्य है कि हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका की वजह से यह सर्वेक्षण हुआ है। यह संयोग है कि भोजशाला मामले की चर्चा के साथ ही पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के खजाने की भी चर्चा हो रही है। इस मंदिर का खजाना 46 साल बाद खोला गया। खूब कयास लगाए जाते थे कि इस खजाने की रक्षा सांप करते हैं। सांप पकड़ने वाले विशेषज्ञों को भी तैनात किया गया था, पर एक भी सांप या कीड़ा वहीं नहीं मिला है। खजाने की पूरी सूची तो बाद में सामने आएगी, पर वर्तमान रत्न भंडार, बाहरी रत्न भंडार और आंतरिक रत्न भंडार में 150 किलोग्राम से ज्यादा सोना और 180 किलोग्राम से ज्यादा चांदी का अनुमान है। सरकार से अदालत तक हर कोई यह मानता है कि मंदिर के खजाने का विवरण स्पष्ट होना जरूरी है। एक लोकतांत्रिक देश में धर्मस्थलों से जुड़े किसी भी खजाने के बारे में आम लोगों को पूरी जानकारी होनी चाहिए। धर्मस्थलों को लेकर जितनी पारदर्शिता होगी, उनके प्रति लोगों की आस्था उतनी ही बढ़ेगी और सबसे जरूरी यह है कि खजाने का सदुपयोग हो, ताकि हमारे धर्मस्थलों की शोभा में चार चांद लग जाएं और रहस्यों व विवादों की गुंजाइश भी कम से कम बचे।

> लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि इस इमारत को वैज्ञानिक ढंग से परखा जाए। वैसे, पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट में क्या है, इसकी आधिकारिक सूचना अदालती सुनवाई में ही सामने आएगी, पर एक पक्ष का दावा है कि भोजशाला परिसर में बडे.पैमाने पर मूर्तियों के प्रमाण मिले हैं।

भारतीय संस्कृति

ललित गर्ग

नये कानून से बुजुर्ग मां-पिता की सुध लेने की सार्थक पहल

देश में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना बढ़ती जा रही है, बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते, वे उनके जीवन-निर्वाह की जिम्मेदारी भी नहीं उठाना चाहते हैं, जिससे भारत की बुजुर्ग पीढ़ी का जीवन नरकमय बना हुआ है, वृद्धजनों की पल-पल की घुटन, तनाव, जीवन-निर्वाह करने की जटिलता एवं उपेक्षा को लेकर समय-समय पर जहां न्यायालयों ने अपनी चिन्ता जतायी है, वहीं सरकार ने कानून बनाकर बुजुर्गों को उन्नत एवं शांति देने के प्रयास किये हैं, लेकिन इसके बावजूद वृद्ध लोगों का जीवन कष्टमय एवं जटिल बना हुआ है। वृद्ध माता-पिता की देखभाल एवं भरण-पोषण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश निश्चित रूप से सामाजिक एवं पारिवारिक ताने-बाने में वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है। इस समय देश में करीब 10.5 करोड़ बुजुर्ग लोग हैं और 2050 तक इनकी संख्या 32.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भारत सहित 64 ऐसे देश होंगे जहाँ 30 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक उम्र की होगी। एकल परिवार के दौर में बुजर्गों की देखभाल और भरण पोषण एक बड़ी समस्या के तौर पर उभर रही है ऐसे में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये मेंटिनेंस ऐंड वेलफेयर ऑफ पैरेंट्स ऐंड सीनियर सिटिजन ऐक्ट 2007 में संशोधन की पहल की है, नये बिल के मुताबिक अब घर के बुजुर्गों की जिम्मेदारी सिर्फ बेटे ही नहीं, बल्कि बहू-दामाद, गोद लिए गए बच्चे, सौतेले बेटे और बेटियों की भी होगी। बिल लाने का मकसद बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करना है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की भी तैयारी है। ऐसा सामाजिक संगठनों से विमर्श के बाद किया गया है। क्योंकि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं।

भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं। इसलिये विभिन्न राज्यों की सरकारें बुजुर्ग आत्म-सम्मान के लिये नये कानून बना रही है।

उत्तरप्रदेश में योगी सरकार अब बुजुर्ग मां-बाप की संपत्ति हड़प कर उन्हें बेदखल करने वाले बच्चों के खिलाफ सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत माता-पिता की संपत्ति हड़प कर उन्हें घर से बाहर निकलने वाले बेटे-बेटियों की खैर नहीं होगी। कुछ दूसरी तरह से असम सरकार ने वृद्धों की उपेक्षा पर विराम लगाने की दृष्टि से ही राज्य कमर्चारियों के लिए नवंबर में दो विशेष अवकाश शुरू किए हैं, ताकि वे अपने माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिता सकें। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर दिया। 6 और 8 नवंबर को मिलने वाली ये विशेष छुट्टियां कमर्चारियों को उनके बुजुर्ग माता-पिता या सास-ससुर से जुड़ने के लिए हैं। इसका उद्देश्य परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के प्रति सम्मान और देखभाल दिखाना है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि ह्यमाता-पिता का आशीर्वाद हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। एक आदर्श नागरिक के रूप में, अपने माता-पिता की भलाई सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। असम सरकार ने पूर्व में राज्य विधानसभा ने असम कमर्चारी माता-पिता जिम्मेदारी एवं जवाबदेही तथा निगरानी नियम विधेयक, 2017 या प्रणाम विधेयक भी पारित कर चुकी है। इसका मकसद यह सुनिश्चत करना है कि राज्य सरकार के कमर्चारी अपने वृद्ध हो रहे माता-पिता या शारीरिक रूप से अशक्त भाई-बहन की देखभाल करें नहीं तो उनके वेतन से पैसे काट लिए जाएंगे। पूरे देशभर के लोग इस कानून को असम सरकार का एक अच्छा कदम बताया। नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति (सरकारी कमर्चारी) उसपर निर्भर माता-पिता की देखभाल नहीं करता तो उसके कुल वेतन का 10 प्रतिशत हिस्सा काट लिया जाएगा और वह राशि माता-पिता के खाते में डाल दी जाएगी। दिव्यांग (शारीरिक रूप से अशक्त) भाई-बहन होने की स्थिति में वेतन से 15 प्रतिशत तक हिस्सा काट लिया जाएगा। अब केन्द्र सरकार द्वारा 2007 के कानून में बदलाव लाकर, नये विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिये विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नये सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नये प्रावधानों को जोड़ा गया है। विधेयक में प्रत्येक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।

संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने की दृष्टि से नया कानून प्रभावी कदम है, इससे बच्चों की अपने माता-पिता की उपेक्षा पर विराम लग सकेगा। सभी के लिये बुजुर्ग पीढ़ी के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी ही चाहिए। हम एक ऐसी दुनिया बनाएं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है, यह आदर्श-शासन व्यवस्था के लिये भी शर्म का विषय है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने के लिये नये कानून बनाने के साथ उसे सख्ती से लागू करने की भी अपेक्षा है।

आज का राशिफल

मेष राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं।जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिए किसी संस्था से सहयोग मिल सकता है। किसी की मदद से आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। आपके सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं।

वृष राशिःआज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। अचानक आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

मिथुन राशिःआज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में मदद करेंगे, जिससे आपके कार्य समय रहते पूरे हो जाएंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। सीनियर से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता रखें।

सिंह राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीजें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। माता के स्वास्थ्य को लेकर आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशिः आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। आप अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ही उत्साहित रहेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपको कोई भी मौका हाथ से नहीं गंवाना चाहिए। बदलते मौसम में आपको अपने ऊपर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अपने खान-पान में भी बदलाव करना चाहिए।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उन्हें कार्यक्षेत्र में अवॉर्ड मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है। किसी घरेलू काम के लिए आप पूरे परिवार के साथ मिलकर बातचीत कर सकते हैं। सब लोग आपकी बातों से सहमत भी रहेंगे। नौकरी में आपके साथ सब कुछ अच्छा रहेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। जो छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला लेने के लिए परीक्षाएं दे रहे हैं, उन्हें मन-मुताबिक परिणाम मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने में आज आपका समय बीतेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा। आपको परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। आपको किसी प्रोजेक्ट के लिए किसी बड़े आदमी से मदद मिल सकती है। हर तरह से स्थिति आपके पक्ष में रहेगी।

मीन राशिः आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद करेगा। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनका काम आज अच्छा रहेगा। आज आप किसी फंक्शन में जाने के लिए तैयारी कर सकते हैं। घर के कामों में पिता की मदद से आपके सारे कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे।

कमी के समय कीमतों में कमी लाये सरकारी बफर स्टॉक

प्रियंका सौरभ

बफर स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के दौरान शुरू किए गए, वे खाद्य सुरक्षा , आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है। बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान। जलवायु-संचालित मूल्य अस्थिरता में वृद्धि - जो अंततः न तो उपभोक्ताओं और न ही उत्पादकों की मदद करती है - केवल खाद्य बफर नीति के मामले को मजबूत करती है। आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कमी की अवधि के दौरान बफर स्टॉक जारी किया जाता है, जिससे उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिएः 2019 में प्याज की कीमत में उछाल के दौरान , भारत सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने, कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्याज सस्ती बनी रहे। बफर स्टॉक बनाए रखने से सरकार आपूर्ति की कमी के दौरान कीमतों में भारी वृद्धि को रोक सकती है, जिससे बाजार की मांग संतुलित रहती है । उदाहरण के लिएः 2020 में , सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के लिए बफर स्टॉक से दालें जारी कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उत्पादन में कमी के बावजूद दालें उपलब्ध और सस्ती बनी रहें। बफर स्टॉक बाजार में आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को विनियमित करके अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को सुचारू बनाने में मदद करते हैं। बफर स्टॉक कमी के दौरान बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रास्फीति को कम करते हैं, जिससे कीमतों में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सकता है। उदाहरण के लिएः 2021 में गेहूं और चावल के स्टॉक को जारी करने से भारत में बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मुख्य अनाज उपभोक्ताओं के लिए किफायती रहे. बफर स्टॉक स्थिर बाजार सुनिश्चित करके, अधिक आपूर्ति के कारण कीमतों में गिरावट को रोककर और मूल्य स्थिरता प्रदान करके किसानों की सहायता करते हैं। उदाहरण के लिएः सरकार ने अतिरिक्त दूध खरीदा और किसानों के लिए दूध की कीमतों को स्थिर करने के लिए इसे स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) में बदल दिया, जिससे अधिक आपूर्ति के कारण वित्तीय नुकसान को रोका जा सके। बफर स्टॉक आवश्यक खाद्य पदार्थों तक निरंतर पहुँच सुनिश्चित करते हैं , जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए महामारी के दौरान , गरीबों के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, भूख को रोकने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया था। बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करके और बाजार संतुलन बनाए रखकर आर्थिक झटकों को रोकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। उदाहरण के लिएः महाराष्ट्र में 2018 के सूखे के दौरान बफर स्टॉक जारी करने से कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में मदद मिली, जिससे क्षेत्र में आर्थिक संकट को रोका जा सका।

बफर स्टॉक जलवायु-प्रेरित आपूर्ति झटकों के कारण खाद्य उपलब्धता पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करते हैं, जिससे जलवायु लचीलापन बढ़ता है। अधिशेष वर्षों के दौरान अतिरिक्त उपज की खरीद कर-के , बफर स्टॉक किसानों को एक स्थिर बाजार और उचित मूल्य प्रदान करता है, जिससे ग्रामीण आर्थिक स्थिरता में योगदान मिलता है। बफर स्टॉक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हैं, जो कमजोर आबादी का समर्थन करके और सामाजिक स्थिरता बनाए रखकर आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिएः प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) ने कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों को भोजन वितरित करने के लिए बफर स्टॉक पर भरोसा किया , जिससे भूख और अभाव को रोककर आर्थिक और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित हुई। चूंकि भारत जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती अस्थिरता और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार द्वारा नियंत्रित बफर स्टॉक कीमतों को स्थिर करने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके, मुद्रास्फीति को कम करके और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करके, ये बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा और आर्थिक लचीलापन बढ़ाएंगे, सतत विकास को बढ़ावा देंगे और भविष्य में एक स्थिर आर्थिक वातावरण को बढ़ावा देंगे। चावल और गेहूं जैसी पारंपरिक वस्तुओं से परे बफर स्टॉक में विविधता लाने की आवश्यकता है ताकि तिलहन, सब्जियां और दूध पाउडर जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यापक रेंज को शामिल किया जा सके। इस विस्तार से विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य वृद्धि और आपूर्ति झटकों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। अधिशेष उत्पादन के वर्षों के दौरान खरीद रणनीतियों में सुधार करना महत्वपूर्ण है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिक मात्रा में वस्तुओं की खरीद के लिए सक्रिय उपाय शामिल हैं, जिससे भविष्य में बाजार स्थिरीकरण के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक सुनिश्चित हो सके और कमी के समय में कीमतों में कमी आए।

विदेश

मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका में 'गन कल्चर' का नतीजा है ट्रंप पर हमला!

दुनिया का सबसे ताकतवर मुल्क आज दहशत में है. अमेरिका में अचानक वो हो गया जो किसी ने शायद सोचा भी नही था. पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला होना मामूली घटना नहीं है . चुनावी रैली में मौत उनको जिस तरह छू कर निकल गई. अमेरिका समेत सारी दुनिया सन्न रह गई. कई अलग-अलग थ्योरी पर चर्चा हो रही है- दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क अमेरिका में इतना बड़ा हमला हो गया, पूर्व राष्ट्रपति को सरेआम गोली मार दी गई लेकिन अभी तक उसके मकसद का पता नहीं चला है। यहां एक बड़ा सवाल है और इसका जवाब न तो राष्ट्रपति बाइडन के पास है और न ही अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के पास है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के बाद देश को दिशा दिखाई। इस दौरान उन्होंने कई बातें कहीं है ।

दुनिया का सबसे ताकतवर मुल्क आज दहशत में है. अमेरिका में अचानक आज वो हो गया जो किसी ने शायद सोचा भी नही था. पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के दौरान भी जिस जिंदा दिली और साहस का परिचय दिया वह अद्वितीय है। हमले के बाद भी वह सभा को संबोधित करना चाहते थे लेकिन सीक्रेट सर्विस के लोगों ने उन्हें तुरंत अपने सुरक्षा घेरे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। हमले पर अपनी प्रतिक्रिया में ट्रंप ने कहा, 'सबसे अविश्वसनीय बात यह थी कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि बिल्कुल सही समय पर और सही घुमाने से मेरी जान बच गई।इस के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं तो मरने वाला था, मुझे तो यहां नहीं होना चाहिए था.' उन्होंने पूरी घटना को ₹अवास्तविक अनुभव₹ बताया है। चूंकि हमलावर मारा गया है इसलिए यह जानना कठिन हो सकता है कि ट्रंप को निशाना बनाने के पीछे उसका उद्देश्य क्या था, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि यह घटना उस विषाक्त राजनीतिक वातावरण का परिणाम जान पड़ती है जो अमेरिका में पिछले कुछ समय से व्याप्त है।

चिंता की बात यह है कि यह विषाक्त राजनीतिक वातावरण दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। अमेरिका इस समय राजनीतिक और वैचारिक रूप से इतना अधिक विभाजित है कि उसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ रहा है। किसी भी लोकतंत्र के लिए यह स्थिति ठीक नहीं, लेकिन इसमें संदेह है कि अमेरिका में वैचारिक विभाजन थमेगा।उन्होंने कहा कि अभी तक हमले पर कोई प्रेरक पता नहीं चला है। इसके साथ ही बिडेन ने देशवासियों से एक विशेष अपील भी की है।

बाइडन ने कहा कि मैं आज आपसे अपनी राजनीति में तापमान कम करने और यह याद रखने की आवश्यकता के बारे में बात करना चाहता हूं कि भले ही हम उतने ही हों, हम दुश्मन नहीं हैं। हम पड़ोसी हैं, मित्र हैं, प्रभावित हैं, नागरिक हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम साथी अमेरिकी हैं। बाइडन ने इसी के साथ कहा कि शुक्र है कि गोली छूकर निकले और वह ज्यादा घायल नहीं होते। बाइडन ने आगे कहा कि शूटर का मकसद अभी तक पता नहीं चला है। हम उसकी राय या संबद्धता नहीं जानते। हमें नहीं पता कि उसे मदद या समर्थन मिला था या नहीं, लेकिन जांच चल रही है और सब सामने आएंगे।

ट्रंप पर हमले के 24 घंटे बाद ओवल ऑफिस से देश के नाम संदेश में बाइडन ने कहा कि मैं नागरिकों से संकट की इस घड़ी में एकजुट होने का आग्रह करता हूं। बाइडन ने कहा कि देश में राजनीतिक बयानबाजी को 'शांत' करने का समय आ गया है।

बाइडन ने इसी के साथ देशवासियों से राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए कहा, हमें अब एक साथ खड़ा होना चाहिए। कल पेंसिल्वेनिया में डोनाल्ड राइट की रैली में हुई घटना को हम सभी से एक कदम पीछे हटाते हुए, इस समस्या को सुलझाने का प्रयास करती है कि हम कहां हैं और यहां से आगे कैसे बढ़ें। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि एक गोली मार दी गई और एक अमेरिकी नागरिक पर केवल अपने चुने हुए उम्मीदवार का समर्थन करने की स्वतंत्रता का प्रयोग करने के चलते गोली से हमला किया गया। बाइडन ने कहा कि हमें अमेरिका में इस रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। हम अपने पूरे इतिहास में पहले भी ऐसी कई घटनाओं को झेल चुके हैं, लेकिन अब ये सब बंद होना चाहिए। अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए किसी भी तरह की कोई जगह नहीं है। एक निर्दोष अमेरिकी नागरिक के मारे जाने से संयुक्त राज्य अमेरिका की जनता क्षुब्ध है और लोगों में गुस्सा है. यही कारण है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश के नाम जो संबोधन किया उसमें राजनीति में हिंसा की घोर निंदा की. बाइडेन ने तत्काल ट्रंप की सुरक्षा चाक-चौबंद रखने के निर्देश सीक्रेट सर्विस को दिए हैं. दुनिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ट्रंप पर हमले की कड़ी निंदा की है. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, ह्यअपने मित्र डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की में कड़े शब्दों में निंदा करता हूँह्व. उन्होंने आगे कहा, लोकतंत्र और राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है. फ्रांस, ब्रिटेन और इटली में सरकार के प्रमुखों ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को निंदनीय बताया है।

यहां आपको बता दें कि अमेरिका में गन खरीदने रखने और निशाने बाजी का अभ्यास करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है वहां कोई भी नागरिक बाजार में अन्य सामान की तरह गन खरीद और रख सकता है। यहां गौर तलब है कि अमेरिका के चार पूर्व राष्ट्रपति हत्यारों की गोलियों का निशाना बन चुके हैं। अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 1865 में हत्या कर दी गई थी. लिंकन के बाद एम. गार्फील्ड और विल्यम मैकनले की भी हत्या की गई वहीं 1963 में अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. अमेरिका में राष्ट्रपति पद हेतु चुनाव लड़ रहे कई राष्ट्रपतियों को निशाना बनाया गया। एक सदी पहले डेमोक्रेटिक पार्टी के एक प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. केनेडी की 1912 में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. रोनाल्ड रीगन और थेडोर रूजवेल्ट की भी हत्या की कोशिश हुई.जाहिर है कि अमेरिकी राजनीति में हिंसा की बीमारी सदियों पुरानी है। वहीं अमेरिकी राजनीति पर नजर रखने में कुशल राजनीतिक पंडितों का इस हमले को लेकर विचार है कि ट्रंप को इसका राजनीतिक फायदा मिलेगा , क्योंकि ट्रंप कई बार अपनी रैलियों में अपराध व हिंसा बढ़ने का मुद्दा उठाते रहे हैं. ऐसे में उनके ऊपर हुई गोलीबारी ने इस मुद्दे को गरमा दिया है. उधर गोलीबारी के बाद ट्रंप ने बिना एक क्षण गंवाए गोली चलने के बाद हवा में अपनी मुट्ठी उठाकर नारा लगाते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया वह भी खुद में मिसाल है। हमले के बाद ट्रंप भीड़ की ओर देखते नजर आए. कान से चेहरे तक खून टपकता रहा, लेकिन वह लोगों से लड़ने की अपील करते रहे. ट्रंप की यह मजबूती छवि नवंबर में होने वाले चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेगी . इस चुनाव में ट्रंप को काफी फायदा होगा.ट्रंप और बाइडेन में कांटे की टक्कर बताई जाती थी, लेकिन प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद ट्रंप का कद थोड़ा बढ़ गया था. अमेरिका से खबरें आ रही थीं कि इस बार ट्रंप की जीत पक्की है, लेकिन अब इस हमले के बाद ट्रंप खुद को एक बड़ा प्रवर्तक और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी साहस व हौसला बनाए रखने वाले बतौर स्थापित करने में सफल रहे हैं. इस घटना के बाद उनका राजनीतिक वजूद बढ़ गया है. ट्रंप को अब तक डेमोक्रेटिक नेता राजनीतिक हिंसा करवाने वाले के तौर पर पेश करते रहे, लेकिन पेनसिल्वेनिया में हुई गोलीबारी के बाद अब रिपब्लिकन पार्टी बाइडेन को टारगेट बना सकती है. इससे कई राज्यों में ट्रंप के प्रति सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है। इस हमले का रिपब्लिकन पार्टी के नेता पूरा फायदा उठाना चाहेंगे, क्योंकि जो बाइडेन के खिलाफ पहले से ही डेमोक्रेटिक

एक नजर

सरपंचों से बदसलूकी, जिपं सीईओ को प्रभारी मंत्री ने लगाई फटकार

दंतेवाड़ा 16 जुलाई। जिला पंचायत में पदस्थ आईएएस सीईओ द्वारा जिले के सरपंचों से दुर्व्यवहार करने और गेट आउट कहने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने उक्त अफसर की जमकर क्लास ली। दरअसल, जिले के सरपंचों ने सोमवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर आए वन मंत्री व जिला प्रभारी केदार कश्यप से मुलाकात कर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के खिलाफ जमकर शिकायत की। अफसर के बेसिर-पैर वाले फरमानों और डीएमएफ मद के कार्यों में जबरन मनरेगा से मजदूरी भुगतान का दबाव बनाने की जानकारी दी। सरपंच संघ ने दो दिन पहले उक्त अफसर से मुलाकात करने के दौरान सरपंचों से बदसलूकी करते हुए कमरे से गेट आउट कहने की शिकायत की। इस पर प्रभारी मंत्री ने अफसर को तलब किया। प्रभारी मंत्री कश्यप और दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने जिपं सीईओ को जमकर फटकार लगाई हुए जन प्रतिनिधियों व आम जनता के प्रति अपना रवैया सुधारने की हिदायत दी। ज्ञात हो कि सरपंचों से बदसलूकी के मामले में नई भाजपा सरकार की काफी बदनामी हो रही है। सरपंचों द्वारा नाराजगी भरा बयान जारी करने के बाद कांग्रेस को भी भाजपा व सरकार पर हमलावर होने का मौका मिल गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा अपना बयान जारी कर ऐसी घटनाओं के लिए अफसरों को शह देने का आरोप भाजपा पर लगा चुकी हैं।

वार्डों की सीमा निर्धारण के संबंध में आपत्ति एवं सुझाव 22 जुलाई तक

ह्यछत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा प्रदेश के नगर पालिकाओं का आम निर्वाचन 2024-25 के दृष्टिगत परिसीमन हेतु समय-सारणी जारी की गई है। नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन 2011 की जनगणना को आधार मान कर किया जा रहा है। जारी समय-सारणी अनुसार वार्डों के परिसीमन हेतु राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट 18 जून 2024 को तथा परिसीमन की कार्रवाही हेतु 21 जून 2024 को न्यू सर्किट हाऊस रायपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। नगर पालिक व नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव 24 जून से 12 जुलाई 2024 तक तैयार कर वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर दी गई है। वार्डों की सीमा निर्धारण से संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन संबंध में 15 से 22 जुलाई 2024 तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित की गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 25 जुलाई 2024 तक नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव तथा उन पर अपना अभिमत सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा।

सिंचाई जलाशय बालेंगा को मत्स्यपालन हेतु पट्टे पर देने 30 जुलाई तक आवेदन

जगदलपुर 16 जुलाई। जिले के जनपद पंचायत बस्तर द्वारा अधीनस्थ सिंचाई जलाशय बालेंगा को मत्स्यपालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्ष के पट्टे पर प्रदाय किया जाना है। इस जलाशय को पट्टे पर लेने के इच्छुक मछुआ समिति या स्व-सहायता समूह अपना आवेदन पत्र 30 जुलाई 2024 तक कार्यालय जनपद पंचायत बस्तर में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन की पात्रता एवं शर्तों के तहत पट्टा आबंटन के लिए पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति एवं मछुआ समूह, स्थानीय महिला स्व सहायता समूह, मछली पालन में डिप्लोमा या स्नातक अथवा स्नातकोत्तर बेरोजगार युवा और वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण विस्थापित परिवारों या उनके समूह अथवा समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे पर दिये जाने हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। उक्त सिंचाई जलाशय को मत्स्यपालन के लिए पट्टे पर प्रदाय संबंधी नियम-शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत बस्तर, कार्यालय उप संचालक मत्स्यपालन जगदलपुर, कार्यालय जनपद पंचायत बस्तर तथा ग्राम पंचायत बालेंगा के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

श्री रामलला दर्शन हेतु लॉटरी के माध्यम से 70 दर्शनार्थियों का चयन

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 जुलाई। श्री रामलला दर्शन योजना के अन्तर्गत अयोध्या धाम की यात्रा के लिए दर्शनार्थियों के चयन हेतु में जिला पंचायत के सभाकक्ष में चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्री रामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में जिले के नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत लॉटरी के माध्यम से 70 दर्शनार्थियों का चयन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से 53 दर्शनार्थियों का चयन किया गया एवं 14 दर्शनार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

बीजापुर जिला अस्पताल को नए भवन सेटअप की सौगात

- आईसीयू में 10 बेड सहित दो डायलिसिस मशीन की स्वीकृति
- मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 16 जुलाई। एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीजापुर जिला अस्पताल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दो छात्राओं की मौत के कारणों की जांच कराने की बात कही तथा भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने डॉक्टरों को बेहतर ईलाज के निर्देश देते हुए जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से करने और मलेरिया पॉजिटिव्ह बच्चों के माता-पिता का भी मलेरिया जांच करने के निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने इस दौरान सभी मरीजों से बारी-बारी मिलकर उनके ईलाज संबंधी जानकारी ली और बेहतर से बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीयू में बेड की कमी को देखते हुए तत्काल 10 बेड सहित दो डायलिसिस मशीनों की स्वीकृति दी एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिला अस्पताल के लिए सर्वसुविधायुक्त नया भवन, नए सेटअप के लिए जल्द ही स्वीकृत करने की बात कही। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मनोज कुमार पिंगुआ, स्वास्थ्य संचालक श्री ऋतुराज रघुवंशी, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री जगदीश सोनकर, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने पोटाकेबिन बीजापुर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- परिसर में पानी का जमाव न हो इसके लिए बेहतर इंतजाम के दिए निर्देश

बीजापुर 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीजापुर स्थित पोटाकेबिन पहुंचकर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभिन्न कक्षों में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन सहित मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए चर्चा करते हुए प्रतिदिन नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की बात कही। परिसर में गड्ढों में पानी का जमाव न हो इसलिए सभी संस्थाओं में नाली निर्माण, बजरी गिट्टी, मुरूम इत्यादि से गड्ढों का भराव करने, परिसर को साफ-सुथरा रखने झाड़ियों की कटाई सहित स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों को हमेशा गर्म भोजन कराने जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई मीनू चार्ट की कड़ाई से पालन करने सहित स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जायसवाल ने इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए अपना लक्ष्य तय करके आगे बढने हेतु निरंतर मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर जिला और प्रदेश का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री श्री जायसवाल ने बच्चों को अपने हाथों से फल वितरण कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मनोज कुमार पिंगुआ, स्वास्थ्य संचालक श्री ऋतुराज रघुवंशी, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री जगदीश सोनकर, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

सुरक्षा बलों को देख डेरा छोड़कर भागे नक्सली

कोंड़ागांव 16 जुलाई। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सरहदी ग्राम उसेली, जबकसा, अडेंगा, डुवाल व आस-पास क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति बनी हुई है।उक्त सूचना पर थाना ईरागांव से जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व बीडीएस की संयुक्त टीम ग्राम उसेली, जबकसा, अडेंगा, डुवाल व उसके आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे। अभियान के दौरान जबकसा पहाड़ी पहुंचने से पूर्व ही नक्सलियों को पुलिस के आने की सूचना प्राप्त हुई जिससे नक्सली पुलिस को आता देख आनन-फानन में अपना डेरा छोड़ कर भाग खाड़े हुए । इसके बाद पुलिस पार्टी द्वारा जबकसा पहाड़ी का घेराबंदी कर सुरक्षा पूर्वक सर्चिंग करने पर उनके डेरा से भारी मात्रा में विस्फोटक व दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के बरामद विस्फोटक व दैनिक उपयोगी सामग्री में प्रेशर कुकर आईईडी मय डेटोनेटर 03 नग प्रत्येक में लगभग 04 किग्रा.वजनी आईईडी, अमुनियम नाइट्रेट (पैरोटेकनिक) 07 कि.ग्रा., मल्टीमीटर 02 नग, मेल फिमेल इलेक्ट्रानिक प्लग 52 नग, एम-सील 01 नग, आईईडी स्वीच 02 नग, वेल्को पट्टी 01 बण्डल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 03 नग, लाल कपड़ा 03 नग, पेंट बॉटल 02 नग, आईईडी फ्लेश स्वीच 02 नग, तीर बम 05 नग, डिस्टेम्पर 01 पैकेट, इलेक्ट्रिक वायर बण्डल 10 नग, चश्मा 02 नग, पॉलिथिन 03 नग, सेल बड़ा 118 नग, रिमोट बैटरी 25 नग, सेफ्टी फयूज (कर्मशियल)- 02 मीटर, रिमोट बटन बैटरी 20 नग, प्रेगनेंसी किट 01 नग, टाईगर बम 22 पैकेट, मलेरिया किट 01 नग, सेलो टेप 21 नग, टिफिन सेट 05 नग, फेविकोल 02 नग एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्रियां बरामद की गई है।

समाचार संक्षेप

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव 16 जुलाई । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना 2024-25 के संबंध में जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बैंक, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों, लोक सेवा केन्द्रों, ऑनलाईन पंजीयन, बीमा अभिकर्ताओं को बीमा प्रस्ताव स्वीकार करने के नियमों एवं निर्देशों तथा बीमा करने के लिए प्रीमियम जमा करने, खाते से प्रीमियम कटौती करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ है। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया कर प्रीमियम की राशि अंतरित (राजसात) किया जाएगा। कार्यशाला में इस वर्ष बीमा अधिसूचना में ग्राम आईडी को संशोधन, प्रति हेक्टेयर ऋण मानसीमा, स्थानीकृत आपदा हेतु टोल फ्री नंबर 14447 एवं 18004190344 एवं व्हाट्सएप पर भी क्षति की सूचना स्वीकार किये संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्री बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, लीड बैंक अधिकारी के प्रतिनिधि एवं बैंक व समितियों के अधिकारी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण भारतीय कृषि बीमा कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया गया। बताया गया कि 15 जुलाई 2024 को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी राजनांदगांव, 16 जुलाई 2024 को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी डोंगरगढ़, 18 जुलाई 2024 को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी छुरिया, 19 जुलाई 2024 को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी डोंगरगांव में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र प्रभारी, समिति प्रबंधक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को कार्याशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। किसानों से फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 के पूर्व अपने फसलों का बीमा कराने का आग्रह किया गया है। बीमा कराने के लिए किसानों अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र से संपर्क कर तथा एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

किरण देव ने शक्तिपीठ दंतेश्वरी माई मंदिर में की पूजा अर्चना

दंतेवाड़ा 16 जुलाई। सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने सबसे पहले शक्तिपीठ दंतेश्वरी माई जी के दरबार पहुँच माई दंतेश्वरी के दर्शन पूजन किया और अपने आराध्य देवी का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की।

भानपुरी कॉलेज में अतिथि व्याख्याता हेतु 26 जुलाई तक आवेदन

जगदलपुर 16 जुलाई। शासकीय महाविद्यालय भानपुरी में प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध अध्यापन सहित पुस्तकालय एवं खेलकूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक, ग्रंथपाल सहायक एवं क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र 26 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन पत्र 26 जुलाई 2024 तक केवल पंजीकृत डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी संस्था के नोटिस बोर्ड और कॉलेज की वेबसाइट www.govtcollegebhanpuri.in पर देखी जा सकती है।

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के द्वारा की जाएगी चरणबद्ध हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर 16 जुलाई । छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन समस्या बना हुआ है। वर्तमान की स्थिति में 1 से 4 माह का वेतन नगरीय निकायों में भुगतान हेतु लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर न ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है न ही नगरीय निकायों द्वारा। प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकार्यों के नियमित एवं प्लसेमेंट कर्मचारी आर्थिक तंगी परेशानियों से जूझ रहे है। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नारायणपुर ने जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा गया है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के अधिकारी/कर्मचारी 18 से 19 जुलाई को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे , दिनांक 22 जुलाई 2024 को एक दिवसीय कलमबध हड़ताल शांतिपूर्ण तरीके से करेगें। दिनांक 29 जुलाई 2024 को समस्त जिला में अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करेगें जिसमें जिलास्तरीय अंदोलन में जिले से लगभग 200 अधिकारी/कर्मचारी हड़ताल में शामिल होगें। उक्त हड़ताल अवधि में निकायों में सभी मूलभूत सुविधा चालू रहेगी। नारायणपुर जिले के नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी ने अपने निकाय में भी ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के दौरान दीपक अँचला , हिमांसु कावड़े ,भूसन देसमुख रामचंद्र यादव , अजय रॉय ,भक्तप्रहलाद निताई सरकार एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

छत्तीसगढ़ में मलेरिया के टूटे डंक बस्तर में अब आधे ही रह गये मामले

जगदलपुर 16 जुलाई। घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हमेशा से एक कड़ी चुनौती रही है, लेकिन इसके बावजूद हालात तेजी से बदले भी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों से बस्तर सहित पूरे राज्य में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस बारिश के दौरान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्रयासों को तेज करने के मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर जिले के दौरे पर हैं। छत्तीसगढ़ के मलेरिया के कुल मामलों में से 61.99 फीसदी दंतेवाड़ा, बीजापुर, और नारायणपुर से आते हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और मुख्यमंत्री के निर्देशन में किए गए कार्यों से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है। बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आई है। मलेरिया के वार्षिक परजीवी सूचकांक दर के अनुसार, 2018 में छत्तीसगढ़ में मलेरिया की दर 2.63 फीसदी थी जो 2023 में घटकर 0.99 फीसदी रह गई है। इसी तरह बस्तर में यह दर 16.49 फीसदी से घटकर 7.78 फीसदी रह गई है। मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 2020 से 2023 के दौरान, पहले से नौंवे चरण तक मलेरिया धनात्मक दर 4.60 फीसदी से घटकर 0.51 फीसदी हो चुकी है। इस अभियान का दसवां चरण भी 5 जुलाई 2024 को समाप्त हुआ है। इस अभियान के तहत राज्य में 22 जिलों में 16.97 लाख कीटनाशक युक्त मच्छरदानियों का वितरण भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 2024 की पहली छमाही में मलेरिया के मामलों की रिपोर्ट जारी की है।

आई.जी.के.वी., एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सी.आई.ए.टी के बीच हुआ समझौता

छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय परंपरागत फसल प्रजातियों का संरक्षण किया जाएगा

रायपुर, 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ की परंपरागत विशेषकर विलुप्तप्राय फसल प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की उपस्थित में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सी.आई.ए.टी. के मध्य संपादित अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में विभिन्न फसलों की परंपरागत देसी किस्मां विशेषकर चावल की विलुप्त हो रही देसी किस्मों का संरक्षण तथा विकास करना है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक आर्थिक वर्गों में व्याप्त कुपोषण को दूर करना तथा खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना भी है। इन तीनों संस्थाओं के मध्य विगत दस वर्षों से संचालित परियोजना को आगामी दस वर्षों तक बढ़ाने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल के भारत के प्रतिनिधि डॉ. जे.सी. राणा ने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के तहत विगत दस वर्षों में कोरिया, सरगुजा तथा धमतरी जिलों में तीन सामुदायिक बीज बैंक स्थापित किये गये हैं, धान की जीरा फूल और नगरी दुबराज प्रजातियों को जी.आई. टैग प्राप्त हुआ है तथा विभिन्न फसलों की अनेक विलुप्तप्राय परंपरागत किस्मों की पहचान कर उनके संरक्षण हेतु प्रयास किये गये हैं।

बैठक में कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने राज्य की कृषि जैव विविधता पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के बीच जैव विविधता से जुड़े ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, और जैव विविधता से विकसित उत्पादों का प्रसार और व्यावसायीकरण करना है। एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सीआईएटी के कंट्री हेड डॉ. जेसी राणा ने जोर दिया कि मौजूदा औपचारिक बीज प्रणाली के साथ किसानों के खेत और उपभोक्ताओं के बीच मौजूदा अंतर को भरने के लिए विभिन्न फसलों की पहचान की गई है और संभावित भूमि प्रजातियों के बाजार लिंकेज पर अधिक प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि पारंपरिक किस्मों की पोषण संबंधी रूपरेखा पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। पोषण संबंधी प्रोफाइलिंग डेटा को इन पारंपरिक भूमि प्रजातियों के प्रचलित स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान (आईटीके) के साथ जोड़ने से इन आईटीके को वैज्ञानिक मान्यता मिलेगी। एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सी.आई.ए.टी. एशिया के प्रबंध निदेशक डॉ. स्ट्रेफन वाइस ने अपने संबोधन में आईजीकेवी को पिछले प्रोजेक्ट्स के आशाजनक परिणामों के लिए बधाई दी और कहा कि यह नया समझौता ज्ञापन स्थायी संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन शमन और कृषि जैव विविधता के प्रबंधन पर अनुसंधान और विकास की ओर अधिक निर्देशित होगा।

ग्राम पानीडोबीर में सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 जुलाई। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत जिले के दूरस्थ क्षेत्र में शासकीय योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पानीडोबीर में आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत् 15 दिवसीय सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोजगार से जोड़ने 20 हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जगदलपुर 16 जुलाई। नगर निगम में उचित आवंटन न करने व तानाशाही व भ्रष्टाचारी नीति के विरोध में 12वें दिन भी कांग्रेसी पार्षद धरने पर डटे रहे7 इसमे प्रमुख रूप से राजेश राय, वीक्रम डागी, कोमल सेना, उदयनाथ जेम्स, उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नपाध्यक्ष राशि को बायपास निर्माण प्रकिया प्रारंभ कराने का दिया आश्वासन

महासमुंद,16 जुलाई। बायपास निर्माण के मुद्दे पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र प्रेषित कर माँगो से अवगत कराने के पश्चात केंद्रीय मंत्री के कार्यालय से बुलावे पर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाक़ात कर बायपास निर्माण पर चर्चा की। इससे पूर्व श्रीमती महिलांग ने गुलदस्ता भेंटकर उनको दूसरी बार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री बनने पर बधाई दी और खुशी जाहिर कर उनका मुंह मीठा कराया। बाद अल्प समय में मंत्री श्री गडकरी ने श्रीमती महिलांग से आज तक के बायपास निर्माण के पूर्व में विभाग द्वारा निर्माण सबंधी क्रियाकलापो के सबंध में उनसे जानकारी ली। नपाध्यक्ष ने बताया कि महासमुंद में शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित व ज़रूरी माँग है जिसकी शहर की नितांत आवश्यकता है। बायपास निर्माण के अभाव में महासमुंद शहर में

अनेक नागरिक सड़क हादसों का शिकार हो चुके है। बीते वर्ष नगर के मुख्य चौराहे पर एक दंपति को जान भी गवानी पड़ी थी। शहर में बढ़ते यातायात के दबाव के चलते आएदिन सड़क हादसे होते रहते हैं। श्रीमती महिलांग ने हादसों को लेकर प्रकाशित खबरों की छायाप्रति मंत्री श्री गडकरी को सौंपा। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने मंत्री श्री गडकरी से चर्चा के दौरान बताया अनेक बार शहर सीमा से लगे गाँवो से मार्ग निर्माण के लिए विभिन्न एजेसी सर्वे कर चुकी है। सर्वे का विभागीय डीपीआर बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने दिल्ली कार्यालय प्रेषित किया जा चुका था परंतु तकनीकी कारणों व समय सीमा के चलते व बजट आबंटन के अभाव में यह प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग से महासमुंद पालिका क्षेत्र की जनसंख्या के बारे में जानकारी ली व नपाध्यक्ष के दूसरी बार शहर मुखिया बनने पर बधाई दी। इसी दौरान मंत्री नितिन गडकरी को नपाध्यक्ष ने शहर आगमन के लिए आमंत्रित किया जिसको मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। श्रीमती महिलांग ने आगे बताया कि केंद्रीय मंत्री ने चर्चा में बायपास निर्माण के लिए विभागीय प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। श्रीमती महिलांग ने मंत्री के व्यवहार की प्रशंसा की। श्रीमती महिलांग के साथ श्री गडकरी से चर्चा के दौरान श्रीमती महिलांग के साथ युवा नेता अरिश अनवर व नपा अध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा मौजूद रहें।

एक नजर

कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की मांग एवं समस्याएं

महासमुंद,16 जुलाई। कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 34 आवेदकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। जन चौपाल में प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर ग्राम जामजुड़ा के धनमेत साहू एवं पुराना रावण भाठा महासमुंद की देववती देवांगन ने कलेक्टर के हाथों आवेदन सौंपा। इसी प्रकार वृद्धापेंशन का लाभ दिलवाने हेतु ग्राम कन्हारपुरी की राधा बाई यादव, नयापारा महासमुंद के पूरन बघेल एवं ग्राभ जेराभरन के अरखित साहू ने अपने आवेदन सौंपे। इसके अलावा ग्राम बिहाझर के कोमल साहू ने पीएम मुद्रा लोन स्वीकृत कराने आवेदन दिया। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, अवैध कब्जा हटाने, स्वस्थ भारत मिशन के तहत शौचालय राशि दिलाने आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 15 जोड़े

धमतरी 16 जुलाई । एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी द्वारा आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विवाह में 15 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, महापौर नगरनिगम धमतरी श्री विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने नवविवाहित इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रूपये दिया जाता है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन, 7 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, उपहार सामग्री, 35 हजार रूपये वधु को ड्रॉफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से भुगतान के लिए दिये जाते हैं।

शिशु संरक्षण माह 19 जुलाई से 23 अगस्त तक

धमतरी 16 जुलाई । कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला टीकाकरण कार्यबल की बैठक आहूत की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कौशिक ने बताया कि जिले में द्वितीय चरण में 19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जायेगा। शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार और 10 सत्रों में आयोजित किया जाता है। इस दौरान 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलायी जाती है तथा 6 माह से 5 साल तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलायी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान छूटे हुये बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं एनआरसी में रेफरल बच्चों का वजन किया जाता है। कलेक्टर ने सुश्री गांधी ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से शिशु संरक्षण माह का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में दिये हैं। बैठक अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शिशु संरक्षण माह के दौरान अपने बच्चों को नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्रों में ले जाकर समय पर टीकाकरण करायें।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त तक

धमतरी 16 जुलाई । राजीव युवा उत्थान योजना के तहत राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 50 ऐसे अभ्यर्थी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहतें हैं, उनसे आगामी 5 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन मंगाया गया है।

विधायक से मिले पटवारी संघ के सदस्य, मांगों से कराया अवगत

महासमुंद,16 जुलाई। सोमवार को राजस्व पटवारी संघ के सदस्य महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात करने पहुंचे। पटवारियों ने अपनी मांगों से विधायक को अवगत कराया। साथ ही उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन दिया, जिसपर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनके साथ चर्चा कर मांगों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और उनकी मांगों को शासन स्तर पर रखने का आश्वासन दिया।

पटवारी संघ ने सौंपे ज्ञापन में 32 सूत्रीय मांगों का उल्लेख किया है। सबसे प्रमुख मांगों के संबंध में पटवारियों ने बताया कि राजस्व संबंधी ऑनलाइन काम करने के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि की सुविधा दी जाए, सामान्य संशोधन पटवारी के आईडी से होना चाहिए, खसरा संशोधन का अधिकार पटवारियों के आईडी में होना, सहायक प्रोग्रामर की नियुक्ति जिले में होना, आरआई में भर्ती सिर्फ प्रमोशन से होना चाहिए। इसके साथ ही भुइयां सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्याओं को दूर करने सहित 32 सूत्रीय मांगों को रखा।

जनदर्शन में मिले 77 आवेदन

धमतरी 16 जुलाई। शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता से उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से आवास के लिए आबादी जमीन देने, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, इलाज के लिए सहयोग प्रदान करने, राशन कार्ड, पट्टा, दिव्यांगों को मनरेगा के तहत काम दिलाने, आधार कार्ड बनाने, नाली निर्माण कराने, श्रमिक पंजीयन करने, नया पंचायत बनाने सहित निजी जमीन से मटेरियल हटवाने संबंधी कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए।

कम बारिश की आशंका के मद्देनजर दलहन, तिलहन और मिलेट्स के बीज की तैयारी

धमतरी 16 जुलाई । वर्तमान में जिले में रूक-रूककर हो रही बारिश के मद्देनजर किसानों को खरीफ फसल में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसलिए किसानों को धान के अलावा अन्य विकल्पों दलहन, तिलहन और मिलेट्स की खेती के लिए समय पर बीज उपलब्ध कराने और और इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक में जल संसाधन, राजस्व, कृषि और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर जिले में होने वाली बारिश और विभागों द्वारा इसकी अग्रिम तैयारियों की समीक्षा की तथा आने वाले दिनों के लिए समुचित ;व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों से कहा। उन्होंने डेंगू, मलेरिया और बारिश में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर सप्ताह फॉगिंग करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बारिश में पीने का पानी नहीं पहुंच पाने और अत्यधिक पानी भरने वाले इलाकों की जानकारी लेते हुए कार्ययोजना बनाने कहा। साथ ही इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में बनाए गए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। इसके साथ ही मवेशियों की धर-पकड़ की जानकारी भी कलेक्टर ने बैठक में ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा के अधिकार के तहत् स्कूलां की मॉनिटरिंग करने हेतु नियुक्त किये गये मेंटर की जानकारी लेते हुए कहा कि मेंटर यह ध्यान रखने कहा कि यदि कोई बच्चा भरती नहीं ले रहा है, तो उसके कारणों को पता लगाकर बच्चों को स्कूल तक लाये.। इसके लिए पालकों और बच्चों से बात करें और किसी प्रकार की परेशानी आये तो अवगत करायें। उन्होंने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय की छोटी छोटी समस्याओ का समाधान स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करें। इसके लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग सतर्क रहे। किसी भी हॉस्टल, आंगनबाड़ी, स्कूल मे डेंगू, मलेरिया, डायरिया के बच्चे मिले तो तत्काल शिविर लगाकर सभी बच्चों की जाँच करें। ज़िंक और ओआरएस की दवाइयो को ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करते हुए राज्य के अनुपात मे वितरण करना सुनिश्चित करें।बैठक में अविवादित/विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा, बटांकन, डायवर्सन, भू-अर्जन, बिना डायसर्वन के बनाए गए मकान पर कार्यवाही, फॉगिंग, आंगनबाड़ी की स्थिति, हाट-बाजार में लगी दुकानों की जांच करना सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके लिए उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाने कहा। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद वितरण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी कलेक्टर ने बैठक में ली। साथ ही बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, क्रेडा, समाज कल्याण, पशुपालन, मछलीपालन, आरईएस, वन, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के विभागीय प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने किया अपनी माता के सम्मान में निवास में बरगद, पीपल व नीम का पौधारोपण

राजनांदगांव 16 जुलाई। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के दिन पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूवात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की थी। देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में अभियान के तहत लोग एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाने उत्साह दिखा रहे है। इसी कडी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में आयुक्त निवास में अपनी माता जी के साथ परिवार वालो की उपस्थिति में बरगद, पीपल एवं नीम का पौधा लगाया। उन्होंने शहर वासियों से इस अभियान में जुड़ शहर में हरियाली लाने अपनी माँ के साथ या माता जी की स्मृति में पौधरोपण करने अपील की है।आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे बरगद व पीपल का पेड़ वर्षो तक हमें सहारा देते है, उक्त पेड़ आक्सीजन व छाया देने के साथ साथ धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है। उसी प्रकार हमारी माँ हमे बचपन से बड़े होते तक हमारा ध्यान रखकर हमे सहारा देने के साथ साथ सफल जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हमे अपनी माता जी के साथ या उनकी स्मृति में अपने घर आंगन, बगिचा व खेत में पौध रोपण करना है। उन्होंने कहा कि आज शहर को विकसित करने वृक्ष अंधाधुध काटे जा रहे है, लेकिन उस मात्रा में पेड़ लगाया नहीं जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदुषित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधा लगाना अत्यंत जरूरी हो गया है। पौधे लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है, क्योकि देख रेख करने से ही पौधे वृक्ष का रूप लेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरीश कर उन्हें बडा करते है, उसी प्रकार हमे पौधे की देख रेख कर बड़ा करना है, तभी वृक्षारोपण की सार्थकता होगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, पूर्व वर्षो में लगाये गये पौधों में अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे है। इस वर्ष भी निगम द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया और 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें शहर के आंतरिक एंव बाह्य क्षेत्रों में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसके तहत मुक्तिधाम, स्कूल, कालोनी, मेन रोड सड़क के किनारे, शासकीय कार्यालय, खुले स्थानों में, शासकीय रिक्त भूमि में अब तक लगभग 27 सौ पौधे लगाये जा चुके है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों ने इस वर्ष विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोण अभियान जन सहयोग के बिना अधुरा है।

पूर्व विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना देकर उप तहसील पटेवा का किया घेराव

महासमुंद। उप तहसील पटेवा में व्याप्त प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता व मनमानी के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक श्री विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उप तहसील पटेवा का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जनों व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में उप तहसील में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

तहसील कार्यालयों में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि उप तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी, गरीब किसानों को अपना कार्य कराने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा के साय सरकार में आज तहसील से

जुड़ा कोई भी काम अधिकारियों की जेब गर्म करे बिना नहीं हो रहा। उप तहसील में तमाम प्रमाण पत्रों आय जाति निवास से लेकर भूमि संबंधी कार्य होते हैं। जो बिना पैसा दिए नहीं हो रहे। अधिकारी दस्तावेजों में कमी निकाल कर फाइल दबा देते हैं, और जब तक आदमी मजबूर होकर उनकी जेब गर्म नहीं कर देता तब तक उसे परेशान करते रहते हैं। आज जिला मुख्यालय स्थित तहसील दफ्तर भी भ्रष्टाचार स्थली बन गई है। यहां तक नौबत आ गई है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को जिला मुख्यालय महासमुंद के तहसील दफ्तर में स्वयं लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाना पड़ रहा है। इससे यह साफ है कि भाजपा शासन में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिस संजीदगी व प्रशासनिक कसावट के साथ 5 साल छग में पारदर्शिता पूर्ण व्यवस्था बनाई थी वह व्यवस्था भाजपा सरकार के आते ही बिगड़ गई है। कांग्रेस हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है, तथा उन्हें न्याय दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ने से भी पीछे नहीं हटेगी। धरना आंदोलन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊ लाल चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष खिलवान साहू तुमगाव के पार्षद केके साहू, कपिल साहू,ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, मीडिया प्रभारी आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर नपा तुमगाव पार्षद जी गजेंद्र साहू साहू, माणिक साहू, रमन सिंह ठाकुर ,खिलावन ध्रुव,रोशन पटेल प्रेम सागर, खोरबहरा साहू बोढ़रा, नवदीप चंद्राकर,जगत देवदास,माया राम टंडन,राम जी ध्रुव,राम भजन नायक,भागवत यादव ,लोकेश साहू, राजू ध्रुव, जनपद सदस्य हेमंत डडसेना, भागवत यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी अतुल गुप्ता, संतोष साहू ,राजा गंभीर ,प्रेमलाल टंडन ,कृष्ण कुमार नर्मदा,चमन ध्रुव, गंगा राम पटेल ,खोम सिन्हा,,प्रहलाद ध्रुव, भोले राम गांधर्व,सहित सैकड़ों कांग्रेसी व पटेवा क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

1-1 लाख रूपये के ईनामी माओवादी जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं विस्फोट करने की घटना में थे शामिल

बीजापुर,16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी एवं थाना भैरमगढ़ का संयुक्त बल माओवादी विरोधी अभियान पर घुसावड़, टिंडोड़ी, डालेर, आदवाड़ा की ओर निकली थी । अभियान के दौरान आदवाड़ा से 02 सक्रिय माओवादियों को पकड़ा गया । 1.मंगू कुड़ियम पिता भीमा कुड़ियम उम्र 45 वर्ष निवासी गदामली पटेलपारा थाना जांगला जिला बीजापुर, पदनाम- आरपीसी गदामली, जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 01.00 लाख रूपये, वर्ष 2005 से सक्रिय 2.रामसाय माड़वी पिता दोसल माड़वी उम्र 41 वर्ष निवासी डोंगरीपारा डालेर थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, पदनाम- आरपीसी बिरियाभूमि-डालेर, जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 01.00 लाख, वर्ष 2005 से सक्रिय पकड़े गये माओवादी दिनांक 20/04/2024 को थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत केशकुतुल के जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने एवं ढ्वश्वष्ठ ब्लास्ट करने की घटना में शामिल थे। विगत 10-15 वर्षो से संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

बस्तर संभाग को मलेरिया मुक्त करने हर संभव प्रयास किया जाएगा :स्वास्थ्य मंत्री

बीजापुर,16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीजापुर जिले के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बीजापुर जिला सहित बस्तर संभाग के स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की इस दौरान कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर प्रथम आगमन पर एवं संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मनोज पिंगुआ, स्वास्थ्य संचालक श्री ऋृषराज रघुवंशी, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री जगदीश सोनकर,सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत सभी आवासीय स्कूल, पोटाकेबिन, छात्रावास, आश्रम, एकलव्य विद्यालय सहित नवोदय एवं समस्त आवासीय संस्थाओं में शीघ्रतापूर्ण शतप्रतिशत मलेरिया जांच के निर्देश दिए। पाजिटिव्ह प्रकरणों में विद्यार्थियों का अस्पताल में बेहतर ईलाज कराने के निर्देश दिए एवं उनके पालकों को समझाइस देकर मलेरिया के सभी डोज को पूरा करने के लिए जागरूकता लाने को कहा। बरसात के मौसम में मलेरिया, डायरिया और जल जनित बीमारियों के व्यापक रूप से संक्रमण को रोकना अनिवार्य है। जिसके लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने, आवासीय स्कूलों में पानी का जमाव न हो, मच्छरदानी का नियमित और अनिवार्य उपयोग सहित दवाईयों का छिड़काव करने के निर्देश दिए। मलेरिया, डायरिया एवं मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु सभी आवश्यक उपाय अमल में लाने के निर्देश संभाग के सभी सीएमएचओ, सिविल सर्जन एवं डीपीएम को दिए। बस्तर संभाग के सभी ब्लॉकों मे माइक्रोस्कोप की होगी व्यवस्था- मलेरिया जांच एवं रिपोर्ट में तत्परता लाने के लिए बस्तर संभाग के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में माइक्रोस्कोप की व्यवस्था की जाएगी जिसमें मलेरिया की स्लाईड की जांच की जा सके। इस व्यवस्था से मलेरिया का रिपोर्ट त्वरित मिलने से मरीज को बेहतर उपचार समय पर उपलब्ध होगा। जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी को टाला जा सकेगा।पोर्टल के माध्यम से मलेरिया परीक्षण की गतिविधियों का राज्य स्तर पर होगा मॉनिटरिंग- स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बस्तर संभाग के सभी जिलों द्वारा मलेरिया की जांच एवं उपचार संबंधित पोर्टल बनाने के निर्देश दिए ताकि राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग हो सके।

मृत छात्राओं के परिवार से मिले विक्रम मंडावी ने आर्थिक सहायता दी

बीजापुर,16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी मृतक छात्राओं के ग्राम संकनपल्ली और चंदूर पहुंच कर दुखी परिवार से मिले उन्हें सांत्वना दी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही मंडावी ने अपनी ओर से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता भी दी पीडित परिवार जनो ने कहा कि समय पर उपचार होता तो दोनों छात्राओं की जान बच सकती थी साफ तौर पर ये लापरवाही का परिणाम है संबंधित अधीक्षकाओ पर कार्य वाही होने चाहिए विक्रम मंडावी ने पीडित परिवार को आशवस्त किया कि और जो भी मदद होगी वे इस पर पहल करेंगे।

जिले में अब तक 216.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद 16 जुलाई । महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 216.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 291.3 मिलीमीटर, बसना में 263.2 मिलीमीटर, सरायपाली में 230.3 मिलीमीटर, पिथौरा में 194.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 191.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 130.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 16 जुलाई को 13.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 19.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 15.5 मिलीमीटर, सरायपाली में 14.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 11.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 10.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 6.6 मिलीमीटर बागबाहरा तहसील में दर्ज की गई।

मीसाबंदियों ने लोकतंत्र बहाली के लिए दी थी बड़ी कुर्बानीः वेदराम मनहरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरोरा, 16 जुलाई। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे के जन्मदिन पर सोमवार को मीसा बंदियों का सम्मान किया गया। 1975 में तात्कालीन केन्द्र सरकार व्दारा लगाये गये आपातकाल के दौरान जेल की यातनाएँ सहने वाले मीसा बंदियों के सम्मान हेतु खरोरा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रायपुर ग्रामीण ज़िले में ये पहला अवसर था जिसमें मीसा बंदियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, रायपुर ज़िला के अध्यक्ष सुभाष देशपांडे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, लोकतंत्र सेनानी एवं पुर्व विधायक स्व. चैतराम साहू के सुपुत्र राजेश साहू, स्व. जगदीश शर्मा के सुपुत्र सुरज शर्मा एवं पंडित मालूराम शर्मा के सुपुत्र नरेन्द्र शर्मा को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने कहॉ की 25 जून की मध्यरात्रि को तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने देश पर आपातकाल थोप था। इस दौरान इंदिरा गांधी के इशारों पर कांग्रेस सरकार व्दारा विपक्ष के हमारे नेता मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, चौधरी चरण सिंह, राज नारायण, राजमाता सिंधिया जैसे कई बड़े नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया गया था। विपक्ष के लाखों लोगों ने कांग्रेस सरकार के इस अत्याचार एवं दमनकारी नीतियों के ख़िलाफ़आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की बहाली के लिए गिरफ़्तारी दी गईं थीं। उपासने

ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के फ़ैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार का आभार जताया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे ने कहॉ की आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार के दमनकारी नीतियों का सामना करने वाले मीसा बंदी ही लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं। इन्होंने देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए बड़ी क़ुर्बानी दी हैं। इनके कारण ही आज हमारा लोकतंत्र सुरक्षित हैं। इन सेनानियों का सम्मान करना मेरे लिए गौरव की बात हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुर्व विधायक देवजी भाई पटेल, ज़िला पंचायत सभापति राजू शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिनेष कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, धरसीवा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत वर्मा, विधानसभा मंडल अध्यक्ष भरत सोनी, पंकज शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरज सोनी, डॉ अमीन खान, भरत पंसारी, बृज अग्रवाल, सिताराम यादव, योगेश द्विवेदी, सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, सुनील शर्मा, पुर्णेन्द्र नायक, विकास ठाकुर, तुलाराम साहू, अविनाश साहू, पार्षद तोरण ठाकुर, रश्मि वर्मा, कांति भूपेन्द्र सेन, पुर्णेन्द्र पाध्याय, पंचराम यादव, राहुल मरकाम, आयुष वर्मा, टिनूकांत वर्मा, हनुमंत आडील, कान्हा तिवारी मुकेश वर्मा, सुमीत सेन, शंकर कमल, आकाश मनहरे, कुंदन वर्मा, नोबेल देवांगन आदी लोग उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

खुले में बेचते पाया गया पेट्रोल व डीजल, 4147 लीटर पेट्रोल एवं 5312 लीटर डीजल जब्त

बलौदाबाजार, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम द्वारा विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम पण्डरिया स्थित मेसर्स सागर पेट्रोल पंप (किसान सेवा केन्द्र) से खुले में पेट्रोल, डीजल पाया गया। जिस पर मौके से ही 4147 लीटर पेट्रोल एवं 5312 लीटर डीजल जब्त कर सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही पेट्रोल पंप की जांच में फर्म के द्वारा स्टॉक संधारण में अनियमितता, बिल बुक संधारण नहीं करना, मासिक विवरणी नहीं प्रेषित करना तथा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरीट तथा हाईस्पीड डीजल आयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश, 1980 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत किया गया है जो कि दण्डनीय है। खाद्य निरीक्षक शीतलेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान फर्म के मैनेजर ओमप्रकाश प्रभुआ उपस्थित थे।अनियमितताओं के कारण भौतिक सत्यापन में प्राप्त पेट्रोल 4147 लीटर एवं डीजल 5312 लीटर को फर्म के मैनेजर ओमप्रकाश प्रभुआ से जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई हेतु कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टोरेट में आगजनी के घटना के बाद कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा पेट्रोल पंप संचालको की बैठक लेकर ज्वलनशील पेट्रोल एवं डीजल को प्लास्टिक के बोतल अथवा खुले में बेचने से सख्त मना किया गया था।

खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

बलौदाबाजार, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई हैं। योजना में धान सिंचित, धान असिंचित फसलों, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर /तुअर, रागी एवं सोयाबीन को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि अपना आधार कार्ड खरीफ वर्ष के लिए दिनांक 31 जुलाई 2024 से पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणिकरण के बीमा मान्य नहीं होगा। फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसानों को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की छायाप्रति, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र (बी-1, खसरा) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ-साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिये फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। धान सिंचित के लिए बीमा राशि 60 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 1200 रुपए तथा असिंचित फसल के लिए बीमा राशि 43 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 860, उड़द व मूंग के लिए बीमा राशि 22 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 460 रुपए निर्धारित की गयी है।

एक नजर

गोंडवाना एक्सप्रेस में स्लीपर कोच और जनरल डिब्बों की संख्या में होगी वृद्धि

भाटापारा, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रेलवे प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर उनकी बेहतर यात्रा सुविधा हेतु अतिरिक्त कोचों का आवर्धन एवं ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन किया जा रहा है। जनरल एवं स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 12410/12409 निज़ामुद्दीन-रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस के कोच संरचना में संशोधन करते हुये जनरल एवं स्लीपर कोच की संख्या में वृद्धि की जा रही है। गाड़ी संख्या 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से एवं गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर 2024 से 01 अतिरिक्त जनरल कोच एवं 03 स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं। इन कोचों के जुडने से इस गाड़ी में 04 जनरल कोच व 05 स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जनरल व स्लीपर कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही 8सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव भी कम होगा और यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

जनसमस्या निवारण के लिए पहला शिविर रसेड़ा में 18 को

भाटापारा, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्रामीणजनों की अवश्यकताओं, समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जनसमस्या निवारण शिविर प्रारम्भ किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में जनसमस्या निवारण शिविर के लिए तिथि और स्थान तय कर लिया गया है। जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक हर महीने 2-2 शिविर कुल 12 शिविर आयोजित किये जाएंगे। इस वर्ष का पहला शिविर 18 जुलाई को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम रसेड़ा में प्रस्तावित है। कलेक्टर सोनी ने शिविर आयोजन के पूर्व एवं शिविर के दिन किये जाने वाले कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने अमले सहित शिविर स्थल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार 31जुलाई को विकासखंड कसडोल के ग्राम छरछेद, बुधवार 14 अगस्त को विकासखंड भाटापारा के ग्राम गुडेलिया, शुक्रवार 30 अगस्त को विकासखंड पलारी के ग्राम कोदवा, बुधवार 11 सितंबर को विकासखंड सिमगा के ग्राम कुथरौद, शुक्रवार 27 सितम्बर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम भालूकोना, गुरुवार 10 अक्टूबर को विकासखंड भाटापारा के ग्राम खोखली, शुक्रवार 25 अक्टूबर को विकासखंड कसडोल के ग्राम बम्हनी, गुरुवार 14 नवम्बर को विकासखंड सिमगा के ग्राम दरचुरा, शुक्रवार 29 नवम्बर को विकासखंड पलारी के ग्राम लच्छनपुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर को विकासखंड भाटापारा के ग्राम लेवई एवं शुक्रवार 27दिसम्बर को विकासखंड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार में शिविर प्रस्तावित है।शिविर मे प्राप्त समस्या, मांग अथवा शिकायत का निरकारण करते हुए सम्बंधित जिला प्रमुख आवेदक को अवगत भी कराएंगे। इसीप्रकार जनप्रतिनिधि से प्राप्त समस्या, मांग, शिकायत का निराकरण कर उन्हें अवगत कराया जाएगा। शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणजनों कों प्रोत्साहित करने शासन के निर्दशानुसार विभागीय स्टाल लगाए जायेंगे।

कलेक्टर कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

अब तक बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 163 आरोपियों को पकड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जुलाई। 16 जुलाई को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम की रणनीति बनाने, पत्थरबाजी करने एवं तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है।

जिसके तहत पुलिस द्वारा 15 जुलाई को प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा बलौदाबाजार में घटित संपूर्ण घटना का मुख्य साजिशकर्ता एवं रणनीति बनाने वाले आरोपी मोहन बंजारे को पकड़ा गया है, किंतु पुलिस द्वारा भी मोहन बंजारे को गिरफ्तार करने के लिए भर। मोहन बंजारे ने संपूर्ण धरना प्रदर्शन आंदोलन में मंच संचालक का काम किया तथा धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाकर एक आदतन साजिशकर्ता की भांति दीगर जिलों से लोगों को बलौदाबाजार धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाकर,

भड़काते हुए अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए तैयार किया था। सांथ ही मंच संचालक के रूप में उत्तेजित एवं भड़काऊ भाषण देने वाले लोगों को मंच में बुलाकर, धरना प्रदर्शन में आए लोगों को उत्तेजित एवं भड़काने का काम किया था कि आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में 15 जुलाई तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 163 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपियों के नाम

1. कोमल संभाकर निवासी शुभ ऑटो पार्ट्स जैतखाम के पास सिहावा रोड धमतरी जिला धमतरी
2. दिनेश बंजारे उम्र 48 साल निवासी रमनटोला मचवा भाटा केंद्री विद्यालय के पास महासमुंद जिला महासमुंद
3. विजय कुमार बंजारे उम्र 44 निवासी कन्हार पूरी थाना भीमखोज खल्लारी जिला महासमुंद
4. मोहन लाल बंजारे उम्र 50 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना गिधपुरी एवं बालसमुंद रोड वार्ड नंबर 12 पलारी थाना पलारी

पढ़ई तिहार के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार भाटापारा जिला पूरे प्रदेश में रहा अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जुलाई। कलेक्टर व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती व डीएमसी एम.एल.ब्रम्हाणी नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंडों के 1183 प्राथमिक शालाओं में 2 जुलाई 2024 मंगलवार को पढई तिहार का आयोजन किया गया था.राज्य शासन के द्वारा उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन संबध में जारी आंकड़ों के अनुसार बलौदाबाजार भाटापारा जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। प्रथम संस्था की ओर से इस कार्यक्रम के रिपोर्टिंग के लिए जारी किए गए गूगल फॉर्म में 12 जुलाई की स्थिति में संकलित आकड़ों के अनुसार जिले के कुल 1183 प्राथमिक शालाओं में से कुल 1151 प्राथमिक शालाओं ने जानकारी भरी है, जिसमें अभी तक कुल नव प्रवेशित बच्चों की संख्या 11418 है।जिसमे जिले के सभी विकासखंडों में क्रमशः सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्ठा, पलारी शासकीय प्राथमिक शाला छडिया, कसडोल शासकीय प्राथमिक शाला गोरधा, भाटापारा शासकीय प्राथमिक शाला सुमा, बलौदाबाजार पंडरिया, के साथ ही बिलाईगढ़ बरभाटा में विकासखंड स्तरीय पढई तिहार का आयोजन किया गया था।पढई तिहार की जिला नोडल भारती वर्मा ने बताया कि इस तिहार में नवप्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुई। इसके लिए माताओं को शाला परिवार की ओर से

आमंत्रण पत्र भेजा गया था। शाला में शिक्षकों के द्वारा 9 प्रकार के काउंटर लगाये गए थे। इन काउंटर के माध्यम से गतिविधियों के द्वारा माताओं के माध्यम से अपने अपने बच्चों का मूल्यांकन किया गया। विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हर शाला में एक एक स्मार्ट माता का भी चयन पढई तिहार में किया जाकर स्मार्ट माताओं को क्राउन पहनाया गया। पूरा मेला स्थल नीले रंग से रंगा नजर आया। इस वर्ष तिहार में माताओं व महिला शिक्षकों के लिए नीले रंग की साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। पढई तिहार के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन में बीईओ, बीआरसी व संकुल समन्वयकों के अलावा पढई तिहार के विकासखंड स्तरीय बीआरजी नीलम वर्मा, बैजंती कौशिक सिमगा, अराधना वर्मा, कविता सरसिहा पलारी, चंचल साहू, शंकर बाई पैकरा कसडोल, क्षिप्रा अग्रवाल भाटापारा, संगीता काले, रेणुका ध्रुव बलौदाबाजार व बिलाईगढ़ से सुनीता साहू, सरोजनी साहू उपस्थित रहे। जिले की नोडल अधिकारी भारती वर्मा ने बताया कि विकासखंड के सभी प्राथमिक शालाओं में माताओं को शिक्षकों के द्वारा स्कूल रेडी नेस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया। उनको बताया गया कि घर में ही उपलब्ध स्थानीय सामग्रियों, खेल आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करते हुए भाषायी व गणित कौशल में दक्ष किया जा सकता है। शिक्षकों के द्वारा माताओं को गतिविधि करके बताया गया कि कैसे घर में उपलब्ध सामग्रियों के माध्यम से ज्ञान दिया जा सकता है। जैसे साडी, कपडे आदि के माध्यम से रंगों की पहचान, बर्तनों के माध्यम से आकृति व छोटे बड़े की पहचान, सब्जियों के माध्यम से भी रंगों व आकृतियों की पहचान कराई जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कुल के अलावा कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को माँ के माध्यम से घर में ही शिक्षा देना है। बच्चों की शिक्षा में माता का जागरूक होना जरूरी है।

मारपीट कर फरार दो आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 16 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 8 जुलाई को प्रार्थी दीपक वर्मा को आरोपी अक्षय कुमार एवं अन्य के द्वारा फोन कर ग्राम ढाबाडीह, ठेलकी, चौक पर बुलाया गया, जिसमें पुरानी रंजिश की बात पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का, डण्डा और पाईप से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे दाहिने पैर के पिंडली एवं बांये चेहरा में चोट आया है और मेरे साथी यशवत, किशन एवं भीम को भी चोट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 442/24 धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5), 109 बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली से सउनि मालिक राम भारद्वाज एवं गुमान जायसवाल की टीम द्वारा दो आरोपी सुभाष एवं साहिल को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ पर उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर, प्रार्थी एवं उसके दोस्तों को चाकू, लाठी, पाइप आदि से मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.07.2024 को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में पूर्व में आरोपी अक्षय कुमार एवं एक अपचारी बालक को भी गिरफ्तार कर जेल एवं संप्रेषण गृह भेजा गया था।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407101600012

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
जामुल प.ह.न. 00001 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- प्राधिकृत अधिकारी,
अनावेदक पक्षकार- मेसर्स श्री भवानी वायर इंडस्टीज,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय जिला दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग के राजस्व प्रकरण क्रमांक 13/ब-121/वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 24.04.2024 के अनुसार अनावेदक मेसर्स श्री भवानी वायर इंडस्टीज, पता-प्लाट नं. 09/एन हेवी इंडस्टीज, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग, जिला दुर्ग छ.ग. से उनकी शासकीय लीज की भूमि मौजा ग्राम हथखोच, प.ह.नं. 03, रा.नि.म. जामुल, तह. भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 333, क्षेत्रफल 15000 वर्गफीट भूमि जो कि बंधक है, को आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया, पत्ता- शाखा सिविक सेंटर, भिलाई, तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) को सरफेसी एक्ट के तहत् कब्जा दिलाये जाने बाबत् आदेश पारित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 19/07/2024 तक स्वंय अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मुहर भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202406101600062

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
भिलाई प.ह.न. 00004 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक, शाखा वैशाली नगर भिलाई,
अनावेदक पक्षकार -सुरजीत सिंह पोथीवाल, डिंपल कौर,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय जिला दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग के राजस्व प्रकरण 151/ब-121/वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 11.12.2023 के अनुसार अनावेदक सुरजीत सिंह पोथीवाल पिता हरि सिंह पोथीवाल एवं डिंपल कौर पति सुरजीत सिंह पोथीवाल निवासी म.नं. 892, गली नं. 1डी, वार्ड नं. 60, रिसाली, भिलाई, जिला व तह.दुर्ग छ.ग. में स्थित फ्लैट नं 09, ब्लॉक 24, सेक्टर 3, भिलाई 3, क्षेत्रफल 484 वर्गफीट जो कि बंधक है, को आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, शाखा वैशाली नगर, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. को सरफेसी एक्ट के तहत् कब्जा दिलाये जाने बाबत् आदेश पारित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 19/07/2024 तक स्वंय अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मुहर भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202406101600038

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
जंजगिरी प.ह.न. 00011 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- प्राधिकृत अधिकारी,
अनावेदक पक्षकार- दिलेश कुमार साहा,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय जिला दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग के राजस्व प्रकरण क्रमांक 188 ब-121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 29.04.2024 के अनुसार अनावेदक दिलेश कुमार साहा पिता तुलाराम साहा, पता-शांति निवासी भारती स्कूल के पूर्व कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग, जिला दुर्ग छ.ग. से उनकी निजी आवासीय भूमि मौजा ग्राम- जंजगिरी, प.ह.नं.11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह. भिलाई 03, जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 303/15, 303/2, 303/10 भूमि में अपने स्वामित्व की अचल सम्पत्ति/मकान फ्लैट न. सी-505, ब्लॉक सी साई अपार्टमेंट 5 वां मंजिल कुल क्षेत्रफल 46.36 वर्गमीटर/499 वर्गफीट एवं निर्मित क्षेत्र फल 46.36 वर्गमीटर/499 वर्गफीट भूमि जो कि बंधक है, को आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, पता-कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग,, जिला दुर्ग (छ.ग.) को सरफेसी एक्ट के तहत् कब्जा दिलाये जाने बाबत् आदेश पारित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 19/07/2024 तक स्वंय अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त समयावधि पश्चात् आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मुहर भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों के लिए नियमों की जानकारी एवं उनका पालन करने चलाया अभियान

छात्र-छात्राओं को दी गई यातयात नियमों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जुलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जर्वे के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को दी गई यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी

आज दिनांक 15.07.2024 को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ पुलिस बल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जर्वे में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुजूर द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि नाबालिक बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन ना चलाएं। वाहन की गति, मार्ग में चलने वाले अन्य वाहनों की स्थिति आदि के संबंध में नाबालिक बच्चे

सही निष्कर्ष में नहीं पहुंच पाते, जिस कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। सांथ ही कोई भी नाबालिग बालक द्वारा, वाहन चलाते पाये जाने पर मोटर यान अधिनियम के तहत नाबालिग बच्चे के पालक के उपर जूर्माना लगेगा, जिसमें ?25000 तक का जुर्माना व तीन महीने का सजा का प्रावधान रखा गया है, यदि नाबालिग बच्चा वाहन चलाते हुए कोई एक्सीडेंट कर देता है, जिसमें किसी व्यक्ति की मृत्यु या गंभीर चोट होती है तो पालक के साथ ही नाबालिग बालक के उपर भी अपराध दर्ज होगा। इसलिए नाबालिक बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन ना चलाएं एवं यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा यातायात सिग्नल, रोड में बने मार्किंग व यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं चलने, वाहन में चलते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग करने, बिना लायसेंस के वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाने के लिए सीखते समय किसी प्रशिक्षित व्यक्ति की ही उपस्थिति में ही वाहन सीखने या चलाने की जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रारंभ होते समय एवं छुट्टी होते समय सभी बच्चे स्कूल के बाहर थोड़ी देर रुक कर मार्ग में आने वाले वाहनों की स्थिति को देखें उसके बाद ही सड़क मार्ग पार करें। थोड़ा सा संयम में एवं धैर्य किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने या टालने का सबसे बड़ा सूत्र है। इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, काफी संख्या में ग्रामवासी एवं स्कूली बच्चे, पत्रकारगण, शाला विकास समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालयः- 07856252203 फैक्सः- 07856252203 मोबाईल 9340755336
ई-मेल पताः- cmodantewada@gmail.com

क्रमांक/525/निर्वा./न.प.परि./2024 दन्तेवाड़ा, दिनांकः- 15/07/2024

(नगरीय निकाय)
प्रपत्र
(नियम 7 देखिए)

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा क्षेत्र को 15 (पन्द्रह) वार्डों में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है, जो दन्तेवाड़ा नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्ताव के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से, 07 दिन के भीतर लिखित रूप में (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थानः- दन्तेवाड़ा
दिनांकः- 15/07/24

विनीत कुमार सिंह
तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील दन्तेवाड़ा
नाम निर्दिष्ट अधिकारी
नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

एक नजर

बरसात लगते ही मौसमी बीमारियों के मरीजों में वृद्धि

रायपुर, 16 जुलाई(मुख्य नगर संवाददाता)। मौसम बदलते ही अब राजधानी में संक्रामक बीमारियां पैर पसार रहीं हैं। सबसे ज्यादा जलजनित रोग फैल रहा है। होटलों की नियमित सफाई नहीं होने से फूड पायजनिंग के मामले बढ़ रहे हैं। मेकाहारा की पीआरओ के अनुसार राजधानी के मेकाहारा, डीके अस्पताल में संक्रामक रोगों के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए गए हैं। इस समय फूड पायजनिंग के केस सबसे ज्यादा आ रहे हैं। जलजनित रोग भी फैला रहा है। होटलों में सफाई नहीं होने के कारण मक्खियों का डेरा रहता है। इससे अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही है। पानी साफ नहीं होने के कारण लूज मोशन होने की भी शिकायत आ रही है। इसके मरीज भी बड़ी संख्या में भर्ती हो रहे हैं। डीके अस्पताल एवं मेकाहारा में इनकी संख्या में वृद्धि हो रही है। मरीज पहले तो दवाई खाते हैं लेकिन दो-तीन दिन के अंदर यदि ठीक नहीं हुआ तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। कोरोना के पश्चात मेडिकल कालेज रायपुर जो कि भीमराव अंबेडकर अस्पताल के नाम से जाना जाता है। यहां पर सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। आधुनिक आईसीयू सहित अनेक आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इसके चलते मेडिसीन, सर्जरी विभाग में मरीजों का उचित उपचार हो रहा है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें : वनमंत्री

रायपुर, 16 जुलाई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने सुकमा जिला मुख्यालय स्थित आकार आवासीय संस्था में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस मानसून के दौरान ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव-खेत-खलिहानों और शहरों को खूब हरा-भरा करने लोगों को प्रेरित भी करें। वन मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण अभियान के माध्यम से करीब चार करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढ़कर जुड़ने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में शामिल होकर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री धनीराम बारसे, श्री हूंगाराम मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण किया।

बोर्ड पूरक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

रायपुर, 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 2024 के प्रवेश पत्र मंडल की वेबसाइट एवं संबंधित संस्था के पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। मंडल द्वारा जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि संबंधित संस्था अपने संस्था से अग्रेषित परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पोर्टल से डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषयों को अनिवार्य रूप से मिलान कर ले। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो इसकी सूचना तत्काल मण्डल कार्यालय को देने का निर्देश दिया गया है। मंडल के उप सचिव द्वारा बताया गया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य /अवसर परीक्षा 2024 के मूल प्रवेश पत्र 20 जुलाई 2024 को जिले के समन्वय संस्था से वितरित किया जायेगा। वितरण दिनांक को समन्वय संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य

रायपुर, 16 जुलाई। शिक्षाविद् डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को ज्ञान में वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है किंतु उसकी जड़े भारत की संस्कृति एवं मूल्यों से बंधी हो। छत्तीसगढ़ की एस.सी.ई.आर.टी. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य है। उक्त बाते शिक्षाविद् डॉ. हेमलता एस मोहन आज रायपुर के राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा अकादमिक सदस्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति व्यापक समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा कि आगामी एक वर्ष का कार्य महत्वपूर्ण होने वाला है। विगत छः माह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 30 प्रतिशत् कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष 70 प्रतिशत् कार्य भी प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ की पुस्तकों को स्थानीय स्तर के अनुकूल बनाना गया है, शिक्षक तभी अच्छे ढंग से पढ़ा पाएंगे जब वे स्वयं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे। प्रशिक्षण में भी नवाचार को स्थान देना आवश्यक है।

शिक्षकों के साथ स्कूलों का भी होगा युक्तियुक्तकरण

रायपुर 16 जुलाई। छत्तीसगढ़ में एकल शिक्षकीय या शिक्षक विहिन स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए छत्तीसगढ़ सरकार युक्तियुक्तकरण करने जा रही है। खास बात यह है कि इस बार स्कूलों का भी युक्तियुक्तकरण करने जा रही सरकार। जिन स्कूलों में निर्धारित मापदंड से बच्चे कम होंगे, उन्हें पास के स्कूलों में मर्ज कर दिया जाएगा।

वार्डों के परिसीमन को लेकर सियासी दंगल

वार्ड 70 ही रहेंगे लेकिन सीमाएं बदली जाएंगी, कांग्रेस पार्षद दल के अनुसार 40 वार्डों की सीमाएं बदली जा रही

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 16 जुलाई। नगर निगम रायपुर में वार्डों के परिसीमन को लेकर सियासी दंगल शुरू हो गया है। कांग्रेस के पार्षदों का कहना है कि 40 से अधिक वार्डों की सीमाएं बदली जा रही हैं। इसको लेकर आज महापौर के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। इधर भाजपा के पार्षदों ने भी वार्ड परिसीमन को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों के वार्डों के परिसीमन का कार्य चल रहा है जिसकी अंतिम तिथि 20 जुलाई है। नगर निगम में निवेश अधिकारी निशिकांत वर्मा को इसका प्रभार दिया गया है। राजस्व निरीक्षकों के सहयोग से वार्ड परिसीमन का काम शुरू हो गया है। रायपुर नगर निगम में निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। वर्तमान में एजाज ढेबर महापौर हैं। कांग्रेस के पार्षद अपने-अपने वार्डों में परिसीमन को लेकर नाराज हैं। नगर में अलग-अलग भाषा, जाति एवं सम्प्रदाय के लोग रहते हैं। चूंकि नगर निगम चुनाव में वार्डों में रहने वालों की अहम भूमिका रहती है। वर्तमान में कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या 12 हजार तो कुछ में 20 हजार है। इसके चलते अब मतदाताओं की संख्या में समानता लाने का प्रयास किया जा रहा है। परिसीमन को लेकर कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई गई है। सदस्य श्रीकुमार

मेमन के अनुसार 40 से अधिक वार्डों की सीमाएं बदली जा रही है। आज जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे की अध्यक्षता में एक बैठक हो रही है जिसमें महापौर सहित सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्षदों में वार्ड की सीमा बदलने को लेकर रोष है।

सड्डू को अलग वार्ड बनाया जाए :धीवर

कुशाभाऊ ठाकुरे की पार्षद सुशीला धीवर ने बताया कि सड्डू को अलग वार्ड बना दिया जाए। उन्होंने कहा कि मैंने इसके लिए सुझाव भी दिया है। लेकिन परिसीमन के पश्चात ही वस्तुस्थिति का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि दुबे कालोनी और मोवा के बीच जो सड़क जाती है उसको भी पृथक-पृथक कर देना चाहिए। वर्तमान में मेरे वार्ड की जनसंख्या 20 हजार है जो कि सबसे बड़ा वार्ड है। स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद अमर बंसल ने कहा कि उनके वार्ड में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन किया जा रहा है। महाराष्ट्र मण्डल और उछला तालाब को लेकर विवाद है। पिछले चुनाव में इसे चूड़ामणि वार्ड में शामिल कर दिया गया था। वर्तमान में लवकुश विहार जो कि बहुमंजिला आवासीय परिसर है यहां के नागरिक परेशान हैं। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के वार्ड खूबचंद बघेल, माधव राव सप्रे वार्ड में भी सीमा को लेकर विवाद है। यहां पर सरस विहार कालोनी को लेकर विवाद है। जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत 6 वार्ड आते हैं इनमें कालेज वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल, महंत लक्ष्मीनारायण दास, सुंदर नगर एवं चंगोराभाठा के अंतर्गत आने वाले खूबचंद बघेल एवं माधव राव सप्रे वार्ड आते हैं। इन वार्डों की भी सीमाएं विवाद में हैं। प्रोफेसर कालोनी में आधा क्षेत्र जोन क्रमांक 5 में आता है। जोन क्रमांक सात में भी स्वामी आत्मानंद वार्ड और खाटू श्याम मंदिर की गली से चूड़ामणि वार्ड शुरू हो जाता है। 11 एकड़ प्लाट समता कालोनी को रामसागरपारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पार्षदों के अनुसार आज कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में इस पर विचार किया जाएगा। इसके पश्चात दावा-आपत्ति पेश की जाएगी।

वार्ड यथावत रहेंगे सीमाएं बदलेंगी

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि राजधानी में 70 वार्ड यथावत रहेंगे लेकिन इनकी सीमाएं बदली जाएंगी। वर्तमान में 70 से अधिक वार्ड नहीं बनाए जा सकते। इसके लिए रायपुर नगर निगम महानगर पालिका की श्रेणी में आ जाएगा। इसके लिए नियम में संशोधन करना होगा। पूरे प्रदेश में 13 नगर निगम, 40 नगर पालिका एवं 100 से अधिक नगर पंचायतें हैं। रायपुर में नोडल अधिकारी, एडीएम नीलेश पटेल को बनाया गया है जबकि नगर पालिका और निगम में एसडीएम स्तर के अधिकारी यह कार्य देख रहे हैं। परिसीमन के पश्चात राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता दावा-आपत्ति पेश करेंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार राज्य में पिछली सरकार ने मनमानी करते हुए अनेक वार्डों में परिसीमन किया था। निर्वाचित पार्षदों का कहना है कि परिसीमन में वार्ड की सीमाएं बदल जाती है जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके पश्चात वार्ड परिसीमन का मामला सरकार के पाले में चला जाएगा। मुख्य सचिव के निर्देश पर अंतिम प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण और वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

अश्वनी नगर में बाहुड़ा यात्रा संपन्न

रायपुर 16 जुलाई। सोमवार 15 जुलाई को मौसी के घर चंगोराभाठा से अश्वनी नगर जगनन्नाथ सेवा समिति के आयोजन से बाहूडा यात्रा हुआ! इस कार्यक्रम में छेरा पहरा करने श्री पिंटू गुप्ता जी मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हो कर चेरा पहरा सम्पन्न किया,।इस 9 दिन के कार्यक्रम में ओडिशा से आये मुख्य पुजारी श्री प्रमोद कुमार देवता जी के तत्व धान में, पूजा को सम्पन्न किया गया। श्री प्रमोद जी एवं उनके परिवार के द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा जी की सेवा करने का सौभाग्य मिला।

इस कार्यकर्म में मंदिर समिति की तरफ से श्री प्रमोद नाथ जी, श्री दिलीप कुमार नाथ जी, श्री सरोज दास जी, मुन्ना जी, मुरली साहू जी, कार्तिक जी, निराकार जी एवं अन्या सदाश्य गण के उपस्थित में कार्य को सम्पन्न किया गया। मंदिर समिति की तरफ से आगामी गुरूवार 18 जुलाई को महाभंडारा का आयोजन रखा गया है।

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की बैठक में तीज महोत्सव आयोजन का निर्णय

रायपुर 16 जुलाई। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक श्री जगन्नाथ मन्दिर परिसर, रायपुर में श्री पुरिंदर मिश्रा जी, श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्टी एवं विधायक रायपुर उत्तर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री अरविन्द ओझा, प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई. माननीय अतिथि श्री पुरन्दर मिश्रा जी का सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं शाल द्वारा सम्मान किया एवं भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने संगठन के आगामी कार्यक्रम सावन माह में भगवान शंकर का अभिषेक एवं महिलाओं हेतु तीज महोत्सव के आयोजन के विषय में सभी सदस्यों को अवगत कराया. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने तीज महोत्सव अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय महिलाओं की नृत्य प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताते हुए सहभागिता की अपील की एवं सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा नृत्य प्रतियोगिता के नियम व शर्तो की जानकारी प्रदान की. सभी की उपस्थित सदस्यों ने तीज महोत्सव कार्यक्रम की समय सारणी व संयोजक सह संयोजक चयन पर सहमति प्रदान की. इस बैठक

विशेष रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव सुनील ओझा, प्रांतीय सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री सहित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे. तत्पश्चात सभी भगवान श्री जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना व मंगल आरती में सम्मिलित हुए एवं भोग प्रसाद ग्रहण कर इस भक्ति मय संध्या से विराम लिया. इस बैठक के आयोजक महासचिव श्री अजय अवस्थी, मीडिया सलाहकार श्री राजेश सिंह एवं युवा अध्यक्ष श्री अविनय दुबे थे. बैठक में विशेष रुप से राजेश दीक्षित, अभिषेक त्रिपाठी, वीणा ठाकुर, वीणा मिश्रा, बबिता राजीव मिश्रा, विनिता मिश्रा, संगीता दुबे, डा रागिनी पाण्डेय आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन नमिता शर्मा एवं आभार प्रदर्शन गुणानिधि मिश्रा द्वारा किया गया।

युवक पर किया जानलेवा हमला, 8 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर 16 जुलाई। प्रार्थी खेमचंद चौधरी ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अर्जुन चौक के पास राजा तालाब रायपुर में रहता है तथा आमानाका क्षेत्रांतर्गत डूमर तालाब अटल आवास पास स्थित लाण्ड्री वर्कशॉप में काम करता है। प्रार्थी दिनांक 14.07.24 को रात्रि करीबन 09.30 बजे लाण्ड्री वर्कशॉप में अपने साथी रवि, उमेश व सुनील के साथ बैठा था। वर्कशॉप से लगे मोहल्ला अटल आवास के लडके गोलू जगत, ऋषभ, यशवंत, सूरज नेताम एवं अन्य जो रोज वहीं बैठे रहते है, वे लोग वर्कशॉप के बोर को चालू करने के लिये बोले बोर चालू करने में थोडी देरी हो गई इतने में उक्त सभी लोग आकर अश्लील गाली गलौच करते हुए अभी तक बोर चालू नहीं किये हो कहकर वर्कशॉप के शटर को लात मारने लगे। प्रार्थी एवं उसके साथी शटर को उठाये उतने में सभी लोग जबरन धक्का

मुक्की करते हुये वर्कशॉप में अंदर प्रवेश कर रवि तथा उमेश के साथ मारपीट करने लगे।

प्रार्थी वहां से बाहर निकल कर अपने मालिक घनश्याम चौधरी को सूचना दिया। इसी दौरान वहीं के अन्य कर्मचारी हर्ष यदु, सोम ध्रुव, अमित तिवारी, अरूण यादव व रूपेश वहां पर आकर बात कर ही रहे थे कि बस्ती से गोलू जगत, ऋषभ, यशवंत, सूरज नेताम, संजय सोनी, आदित्य नाग, जय सोनी एवं रमाकांत यदु निवासी अटल आवास आकर सभी एक राय होकर लाण्ड्री वर्कशॉप में जबरन प्रवेश कर अपने पास रखें लाठी, डण्डा, नारियल काटने के लोहे के औजार व चाकू से जान से मारने की नियत से

मारपीट करते हुए अमित को दाहिने कुल्हा कमर व दोनो पैर में, उमेश कुमार को बांये आंख व होंठ में, रूपेश सेन के दाहिने कोहनी व बांये पैर पिडंली में, यश यदु के सिर में तथा सोम ध्रुव के सिर में गंभीर चोट पहुंचाये कि घायलों को उपचार हेतु एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 283/24 धारा 109, 115(2), 191(2), 296, 331(6), 351(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी आमानाका के नेतृत्व में थाना आमानाका पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसके साथियों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों को चिन्हांकित कर उनके छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर प्रकरण में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी, डण्डा, नारियल काटने के लोहे का औजार व चाकू जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी जाकर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

छत्तीसगढ़ ओलंपिक और राजीव युवा मितान क्लब का पैसा एक ही जगह हुआ खर्च: अजय चंद्राकर

रायपुर 16 जुलाई। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को बंद करने पर वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा कि (विधानसभा) सत्र शुरू होगा, तो देखिएगा नए तथ्य सामने आएंगे. जब तक हम इसे परिणाम तक नहीं ले जाएंगे, तब तक सवाल लगते रहेंगे. जो कन्वर्जेंस हुआ हैं, जिसमें छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का पैसा और राजीव युवा मितान क्लब का पैसा एक ही जगह खर्च हुआ है. दोनों के पैसों का हिसाब-किताब क्या है, ये जब तक साबित नहीं होगा, चलता रहेगा. वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने इसके साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई द्वारा शुरू किए जाने पर कहा कि कांग्रेस का मापदंड नीट के मामले में अलग हैं, और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग मामले पर अलग है. मोदी जी की गारंटी थी कि हम जाँच करायेंगे. जांच शुरू हो गई है. छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को न्याय मिलेगा. कुरुद विधायक ने कहा कि परीक्षा लेने वाली संस्थाओं और परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल छत्तीसगढ़ से शुरू हुआ था. नीट का मामला हो या पीएससी की, दोनों वक्त कांग्रेस का शासन था. मोदी जी की गारंटी थी, जाँच शुरू हुई. बेरोज़गारों को, योग्य प्रतियोगियों को अवसर मिले. वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फालोअर्स की संख्या सौ मिलियन पार करने को कांग्रेस के पैसे के बल पर बताए जाने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के ही नहीं, विश्व के नेता हैं. उनका कद कांग्रेस को कभी स्वीकार ही नहीं हुआ. कांग्रेस के एक परिवार के तीन लोगों को छोड़कर किसी का कद स्वीकार नहीं कर सकती. तीन लोगों के अलावा दुनिया में क्या घट रहा है, इससे कांग्रेस को मतलब नहीं. एक परिवार के बाहर कांग्रेसी सोचते नहीं हैं. कांग्रेस ने मानसून सत्र बढ़ाने की मांग पर अजय चंद्राकर ने कहा कि चरणदास महंत को सोचना चाहिए. भूपेश बघेल ने कितने दिनों का सत्र बुलाया था।

लालपुर डेरा बस्ती में चला बुलडोजर

रायपुर 16 जुलाई। लालपुर बस्ती और डेरा वालों के बीच कल रात में जमकर लड़ाई हुई। और उसके बाद बस्ती वालों ने चक्का जाम कर किया। उनकी शिकायत पर प्रशासन ने डेरा बस्ती पर बुलडोजर बुलडोजर चलाया। इनके बीच पूर्व में भी कई बार आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद झगड़ा होते रहा है । शहर के एक बार में देर रात फिर मारपीट की घटना हुई है। रायपुर के एक कारोबारी की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक गुढ़ियारी रायपुर के व्यवसायी मनीष ठाकुर 14 जुलाई को भाटापारा आया था। वहां से किसी काम से बिलासपुर आए। रात में अपने दोस्त नीरज नागवानी, संजय नागवानी और निखिल ठाकुर के साथ हैंवस पार्क स्थित एलआईटी बार में शराब पीने लगे। इसी दौरान विशेष ताम्रकार नाम के युवक से उनकी किसी बात पर बहस हो गई। ताम्रकार ने उस पर शराब फेंक दी।

उन्होंने विरोध किया तो ताम्रकार ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी पिटाई कर दी। मनीष और उसके दोस्त जब बार से निकलकर जाने लगे तो सड़क पर भी उनको पीटा गया। सिविल लाइन पुलिस ने मनीष ठाकुर और उनके साथियों की शिकायत आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सिविल लाइन थाने में शिकायतकर्ताओं द्वारा हंगामा करने का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही 36 मॉल स्थित तंत्रा बार और रायपुर रोड स्थित पेट्रिशियन्स बार में भी मारपीट की घटनाएं हुई हैं।

छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान : होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी सम्मानित

रायपुर 16 जुलाई। होमियोपैथी के क्षेत्र में पिछले एक दशक से कार्य कर रायपुर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी को होमियोपैथी चिकित्सा के प्रति निष्ठा व सेवा भाव को देखते हुवे दिनांक 14 जुलाई को दुबई के बुर्ज अल अरब होटल में विश्व होमियोपैथी समिट में जिसमें विश्व के 25 देशों के लगभग 150 होमियोपैथिक चिकित्सको ने शिरकत किया इन सभी के बीच डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी को बेस्ट होमियोपैथिक गैस्ट्रोइंट्रोलोगिस्ट व चर्म रोग विशेषज्ञ अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध वेस्टइंडीज़ के आल राउंडर क्रिसगेल के हाथों किया गया .डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी इससे पहले कई बार रायपुर ,बिलासपुर,नागपुर,उत्तराखण्ड,उत्तरप्रदेश,क ोलकाता,जयपुर,में विभिन्न कार्यक्रमों सम्मानित हो चुके है ,करोना कॉल में इनके होमियोपैथी उपचार का लोहा पूरा छत्तीसगढ़ मान चुका है जहां इन्होंने बिना

मास्क ग्लव्स और सैनिटाइज़र के मरीज़ को छूकर होमियोपैथी दवाईयो के ज़रिए पॉजिटिव मरिजो को ठीक किया था और लगभग 40000 लोगो को निःशुल्क (प्रिवेंटिव)दवाई भी बाटी थी .

इस समारोह में अतिथि के रूप में क्रिकेटर क्रिस गेल,जोंटी रोड्स,ब्रेट ली,सनथ जयसूर्या, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ,प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर,सांसद रवि किशन ,मनोज तिवारी ,दुबई के शेख व कई देशों के सांसद व मंत्री गण शामिल रहे यह कार्यक्रम बर्नेट होमियोपैथी के द्वारा डॉ नीतीश चंद्र दूबे के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है .इस समिट का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के होमियोपैथी चिकित्सकों को एक जुट कर उनसे विचार विमर्श कर होमियोपैथी को विश्व पटल पर कैसे बढ़ाया जायें है।

29 को दिया जाएगा स्वर्गीया श्रीमती टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ - सम्मान

रायपुर 16 जुलाई। नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपनी स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को सिविल लाइन स्थित वृन्दावन सभागार में शाम चार बजे से आयोजित कार्यक्रम में ÷स्वर्गीय श्रीमती टी. कृष्णवेणी स्मृति हिन्दी श्रेष्ठ - सम्मान÷ से सम्मानित किया जाएगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26